दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 28 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 159 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

लव के लिए पाकिस्तानी सीमा के बाद हिन्दुस्तानी अंजू ने भी कुछ भी कर के दिखा दिया। ऐसी चटपटी खबर हो तो खबरिया चैनलों ने भी ठान ली है वे टीआरपी के लिए कुछ भी करेंगे। अब तक सीमा हैदर की कथित प्रेम कहानी को लेकर भारतीय खबरिया चैनलों में होड़ लगी थी। अब अंजू ने पाकिस्तानी चैनलों को भी काम पर लगा दिया है। सीमा और अंजू पर फिल्म बन जाए तो भी ताज्जुब नहीं होगा। अब कौन समझाए इन अहमकों को कि भारत और पाकिस्तान के लोगों के दिल में और भी गम है कथित मोहब्बत के सिवा।

छग सरकार की योजना से केंद्र प्रभावित, पूरे देश में 12वीं के छात्रों को मिलेगा आईटीआई प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के स्कूलों में हायर सेकेण्डरी के साथ छात्रों को आईटीआई प्रमाण पत्र प्रदान करने के लागू किए गए संयुक्त पाठ्यक्रम की तर्ज पर अब केंद्र सरकार पूरे देश में स्कूल एजुकेशन के साथ वोकेशनल ट्रेनिंग का इंटिग्रेटेड कार्यक्रम लागू करना चाहती है। इसके लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अन्तर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), भारत सरकार द्वारा एक समिति गठित की गई है, यह समिति स्कूल शिक्षा के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण के एकीकरण के लिए दिशा निर्देश तैयार करेगी। प्रशिक्षण महानिदेशालय के निदेशक द्वारा इस समिति में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधि नामांकित करने का अनुरोध किया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के चयनित हायर सेकेंडरी स्कूलों में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र जो साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्राप्त करने के इच्छुक हैं, उनके लिए स्कूलों एवं आईटीआई के समन्वय के माध्यम से स्कूली शिक्षा एवं विद्यार्थियों की रुचि का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना प्रारंभ की गई है।

प्रदेश के 119 स्कूलों एवं आईटीआई में प्रारंभ

प्रदेश में इस पाठ्यक्रम के तहत आईटीआई की परीक्षा में सफल प्रशिक्षणार्थियों को माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ के बारहवीं बोर्ड के प्रमाण पत्र के साथ-साथ राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा आईटी आई. का प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2021 से 2023 के सत्र में स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने की योजना 116 विकास खंडों के 119 स्कूलों एवं आईटीआई में प्रारंभ की गई है। जिसमें विद्यार्थियों ने आईटीआई के 10 ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इससे युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए विभिन्न कौशल प्राप्त करने में मदद मिलेगी। योजना के तहत उद्यमिता कौशल को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है।

गुस्सा इतना, काले कपड़े में पहुंचा विपक्ष

नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर हिंसा पर गुरुवार (27 जुलाई) को भी संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा शुरू होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके कारण सिर्फ 6 मिनट बाद ही स्पीकर ओम बिड़ला ने कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया। नारेबाजी के कारण इसे 3 बजे तक दोबारा स्थगित किया गया। उधर, राज्यसभा में भी विपक्ष के सांसद तख्तियां लेकर पहुंचे और प्रधानमंत्री सदन में आओ, सदन में आके कुछ तो बोलो, प्रधानमंत्री चुप्पी तोड़ो... जैसे नारे लगाते देखे गए। यह देख बीजेपी के सांसद मोदी...मोदी... के नारे लगाने लगे, तो विपक्ष ने 'इंडिया'...'इंडिया' के नारे लगाए। नारेबाजी के बीच पहले राज्यसभा 12 बजे तक और उसके बाद 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसद मणिपुर हिंसा के विरोध में काले कपड़े पहनकर पहुंचे। हालांकि सदस्यों ने लंच के बाद सदन से वॉकआउट कर दिया। उधर, लोकसभा में भी मणिपुर मुद्दे पर हंगामा होता रहा और दो बिल पास होने के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

रातभर प्रदर्शन की जरूरत नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के निलंबित राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सलाह दी कि वे रात भर धरने पर न बैठें। बजाय इसके वे हर दिन संसद की कार्यवाही समाप्त होने पर अपना प्रदर्शन भी खत्म कर दिया करें। वहीं, मोदी के राजस्थान दौरे पर खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी संसद में नहीं बल्कि राजस्थान में राजनीतिक भाषण दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि लोग अब जागरूक हो गए हैं और इस तरह की राजनीति के खिलाफ लड़ेंगे। आप लोकतंत्र के मंदिर संसद में बात नहीं करना चाहते हैं, लेकिन राजस्थान में नए मेडिकल कॉलेज खोलने पर राजनीतिक भाषण दे रहे हैं।

इंडिया अलायंस के सांसद 29-30 को जाएंगे मणिपुर

नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों की एक टीम 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगी। इस दौरान वे हिंसा पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इससे पहले राहुल गांधी भी मणिपुर जा चुके हैं। उधर, मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने का वीडियो वायरल होने के बाद हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। थोरबंग और कांगवे में गुरुवार सुबह से फायरिंग हो रही है। दोनों जगहों पर मैतेई और कुकी आमने-सामने हैं। हिंसा के बीच मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मिजोरम में कुकी समुदाय के समर्थन में निकाली गई रैली पर नाराजगी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बढ़ रहा है आई फ्लू का खतरा

रायपुर/नवप्रदेश। देश में भारी बारिश के चलते छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में आई फ्लू के केसेस लगातार बढ़ रहे हैं। आई फ्लू को मेडिकल भाषा में पिंक आई या फिर कंजक्टिवाइटिस कहा जाता है। आई फ्लू आंखो की एक बीमारी है जिसे आम भाषा में आंख आना भी कहा जाता है। बारिश के दौरान तापमान गिरने और नमी की वजह से बैक्टीरिया, वायरस और एलर्जी बढ़ने लगती है। ये एलर्जिक रिएक्शन्स और आई इंफेक्शन का कारण बन जाते हैं। जिससे आंखों में तेज जलन के साथ ही खुजली आदि समस्या होने लगती है। इस इंफेक्शन की वजह से आंखों पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में इस मौसम में आंखों को सुरक्षित रखना बेहद जरुरी है।

अंजू के बाद एक मूक बधिर शख्स पहुंचा पाकिस्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंजू के बाद अब एक और शख्स अचानक पाकिस्तान पहुंच गया है। लेकिन उसके पाकिस्तान पहुंचने की वजह इश्क या मोहब्बत नहीं है। बल्कि ये बेबसी का मारा मौसम के बुरे हाल के चलते सरहद पार कर गया। इन दिनों बाढ़ का प्रकोप चारों तरफ देखा जा रहा है। देश के अलग-अलग राज्यों में तेज बारिश की वजह से नदी नालों का जलस्तर बढ़ चुका है। नदी में जलस्तर बढ़ने की वजह से बाढ़ का खतरा भी कई राज्यों पर मंडरा रहा है। इस बीच पंजाब से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने सबको चौंका दिया है। उत्तर भारत के राज्य पंजाब का एक शख्स सतलज नदी की बाढ़ में बहकर पाकिस्तान पहुंच गया है। बाढ़ के पानी में बहा शख्स गूंगा-बहरा है और पानी की तेज धार से पड़ोसी मुल्क लाहौर तक जा पहुंचा है। इंडिया से पाकिस्तान गए इस शख्स को पाक की खुफि यां एजेंसी ने रेस्क्यू किया है और उससे पूछताछ कर रही है।

शरद पवार को चुनाव आयोग का नोटिस

■ **नोटिस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की याचिका पर जारी किया गया**

मुंबई (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने गुरुवार को एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के गुट को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की ओर से दायर याचिका पर जारी किया गया है। आयोग ने एनसीपी पार्टी को लेकर शरद पवार से अपना पक्ष रखने के लिए कहा है। दरअसल, अजित पवार ने 30 जून को 40 विधायकों, विधानपार्षदों और सांसदों के समर्थन के साथ एनसीपी के नाम और सिंबल पर दावा किया था। उन्होंने सभी विधायकों के दस्तखत वाले हलफ नामे चुनाव आयोग को सौंपे थे। उन्होंने आयोग से दावा किया था कि असली एनसीपी वही हैं। बता दें कि 2 जुलाई को अपने चाचा शरद पवार को छोड़कर अजित पवार महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल हो गए और उन्होंने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। इसके अलावा 8 अन्य विधायकों छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव अत्राम, संजय बनसोड़े, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी। एनसीपी के 9 मंत्रियों को मिलाकर महाराष्ट्र में अब 29 कैबिनेट मंत्री हो गए।

थाने में सब इंस्पेक्टर ने टीआई को मारी गोली

रीवा (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के रीवा के सिविल लाइन थाने में एसआई बीआर सिंह ने थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा को उनके चेंबर में घुसकर गोली मार दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल टीआई हितेंद्र नाथ को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना सिविल लाइन थाने में गुरुवार दोपहर 3 बजे की है। उस वक्त थाने में बाकी स्टाफ भी मौजूद था। फायरिंग की इस घटना के बाद एसपी विवेक सिंह भी मौके पर पहुंचे। सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने मीडिया से कहा कि इंस्पेक्टर के बाएं कंधे में गोली धंसी है। उनकी हालत गंभीर है। पता चला है कि एसआई बीआर सिंह हमेशा हीन भावना से काम करते थे। वह सीनियर थे, लेकिन अपने कारनामों के चलते प्रमोशन नहीं ले पाए। ऐसे में जूनियर का आदेश मानना उन्हें अच्छा नहीं लगता था, इसीलिए आक्रोशित होकर घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि किसी मामले को लेकर टीआई हितेंद्र शर्मा और एसआई बीआर सिंह के बीच बहस हुई। बाद में एसआई ने टीआई के चेंबर में घुसकर गोली मार दी।

एसआई को टीआई के चेंबर में बंद किया

सूत्रों के अनुसार आरोपी एसआई दो पिस्टल लेकर टीआई के चेंबर में घुसा था। फायरिंग की आवाज सुनकर अन्य पुलिसकर्मियों ने टीआई को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, एसआई को चेंबर में ही बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी। जानकारी के अनुसार आरोपी एसआई ने अंदर से भी दो फायर किए हैं। फिलहाल ये साफ नहीं है कि उसने गोली खुद को मारी है या मिस फायर किया है। इधर अस्पताल में भर्ती टीआई को ब्लड डोनेट करने के लिए अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। डीआईजी मिथिलेश शुक्ला भी उनका हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे हैं।

ईडी चीफ का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को बढ़ाए जाने की केंद्र सरकार की मांग सुप्रीम कोर्ट में मंजूर हो गई है। कोर्ट ने उन्हें 15 सितंबर तक पद पर बने रहने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि सामान्य परिस्थितियों में इसकी अनुमति नहीं दी जाती, लेकिन हम जनहित में इसे स्वीकार करते हैं, लेकिन इसके आगे उनके कार्यकाल को बढ़ाने की परमिशन नहीं दी जाएगी। 26 जुलाई को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच में सुनवाई के लिए एक आवेदन दायर किया था। इससे पहले, 11 जुलाई को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने का केंद्र का फैसला गैर-कानूनी है। इस पर केंद्र ने कहा था कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स का रिव्यू चल रहा है, इसलिए संजय को 15 अक्टूबर तक पद पर रहने दिया जाए।

ज्ञानवापी सर्वे पर फिलहाल रोक

प्रयागराज (एजेंसी)। ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब 3 अगस्त को कोर्ट फैसला सुनाएगी। मसाजिद इंतजामिया कमेटी ने हाईकोर्ट में सर्वे पर रोक लगाने की याचिका दायर की थी। सरकार की तरफ से कोर्ट को जानकारी दी गई कि मंदिर सीआईएसएफ की सुरक्षा में है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से सवाल पूछा कि वाद तय करने में देरी क्यों हो रही है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट कार्यवाही की जानकारी दी। मुस्लिम पक्ष के वकील एसएफए नकवी ने कोर्ट से कहा- 1947 से भवन की यही स्थिति है, जिसमें बदलाव नहीं किया जा सकता। प्लेस आफ वर्शिप एक्ट की धारा 3 कहती है कि कोई व्यक्ति पूजा स्थल की प्रकृति में बदलाव नहीं कर सकेगा। इससे पहले बुधवार को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना था। ्स्ढ्व के अपर निदेशक ने हलफनामा जारी किया। बताया कि सर्वे से भवन को कोई नुकसान नहीं होगा। न ही कोई निर्माण हटाया जाएगा। इसके बाद सर्वे पर लगी रोक गुरुवार शाम पांच बजे तक बढ़ा दी गई। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

नीजर में तख्तापलट, सेना ने राष्ट्रपति को बनाया बंधक

नियामी (एजेंसी)। अफ्रीकी देश नीजर में सैनिकों ने राष्ट्रीय टीवी पर तख्तापलट की घोषणा कर दी है। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति गार्ड के प्रमुख के साथ बातचीत रुकने के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को उनकी पत्नी के साथ राजधानी नियामी में उनके आवास पर बंधक बना लिया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम अफ्रीकी देश में राष्ट्रपति गार्ड के सैनिकों ने कथित तौर पर बुधवार को बज़ौम को उनके राष्ट्रपति महल में रोक दिया। बुधवार को टीवी घोषणा में, कर्नल मेजर अमादौ अब्द्रमाने ने अपने पीछे नौ अन्य वर्दीधारी सैनिकों के साथ कहाः हम, रक्षा और सुरक्षा बलों ने... उस शासन को समाप्त करने का फैसला किया है जिसे आप जानते हैं। यह सुरक्षा में लगातार गिरावट और खराब आर्थिक और सामाजिक शासन के चलते करना पड़ा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासत... लाल डायरी पूरी कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही, 'लाल डायरी' के पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे

कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का सबसे नया उत्पाद है 'लाल डायरी': मोदी

जयपुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की कथित 'लाल डायरी' के हवाले से राज्य सरकार पर निशाना साधा और इसे कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का सबसे नया उत्पाद करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीकर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस ने राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूट की दुकान चलाई है और झूठ का बाजार सजाया है। कांग्रेस का मतलब ही है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। लूट की इस दुकान का सबसे ताजा प्रॉडक्ट है, राजस्थान की 'लाल डायरी'। उन्होंने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कभी 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' का नारा दिया गया था और अब 'यूपीए इज इंडिया, इंडिया इज यूपीए' की बात की जा रही है। गुढ़ा ने हाल ही में राज्य विधानसभा में कथित 'लाल डायरी' लहराई थी। बाद में उन्होंने दावा किया कि डायरी में 'दो नंबर का लेनदेन' दर्ज है और इसमें मुख्यमंत्री का नाम भी है। मोदी ने कहा, कहते हैं इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि 'लाल डायरी' के पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस 'लाल डायरी' का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। ये लोग भले ही मुंह पर ताला लगा लें, लेकिन ये लाल डायरी इस चुनाव में पूरी कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है।

गहलोत सरकार पर साधा निशाना

मोदी ने राज्य में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर भी गहलोत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक का उद्योग चल रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार को हटाना होगा। मोदी ने कहा,'इस बार एक ही नारा है- 'नहीं सहेगा राजस्थान'. बहन-बेटियों पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान।'

राजस्थान की किस्मत भी बदलेगी

सभा में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा,'ये जन सैलाब बता रहा है कि आने वाले चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा। अब राजस्थान की करवट भी बदलेगी और मेरी गारंटी है। राजस्थान की किस्मत भी बदलेगी।'' उन्होंने कहा,''इसलिए आज राजस्थान में एक ही गूंज है, एक ही स्वर है, एक ही नारा है, जीतेगा कमल, खिलेगा कमल।'

दिशाविहीन पार्टी बनकर रह गई कांग्रेस

: मोदी ने विपक्षी दलों के नए गठबंधन 'इंडिया' पर भी कटाक्ष किया इसे मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और उसके सहयोगियों का नया पैंतरा करार दिया। उन्होंने कहा,''कांग्रेस आज देश की सबसे बड़ी दिशाविहीन पार्टी बनकर रह गई है। इन दिनों कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने एक नया पैंतरा चला है, ये पैंतरा है- नाम बदलने का। ज्यूपीए (संप्रग) के कुकर्म लोगों को याद न आए इसलिए अपना नाम यूपीए से बदलकर आईएनडीआईए कर दिया है। और इतना लंबा कर दिया कि लोग भूल जाएं।''

संपादकीय

सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

केन्द्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार के खिलाफ उनके इस दूसरे कार्यकाल का पहला अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष स्वीकार कर लिया है। अब इस पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान 20 जुलाई 2018 को भी उनकी सरकार के खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था जो एनडीए सरकार को सदन में प्राप्त भारी बहुमत के कारण गिर गया था। इस बार भी विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का यही हश्र होना स्वाभाविक है। लोकसभा में तो एनडीए को 325 सीटें प्राप्त है। इसलिए लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय है। रही बात राज्यसभा की तो वहां भी एनडीए मजबूत है और जो थोड़ी बहुत कसर बाकी है उसके लिए वह समर्थन अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में सफल हो सकती है। वीसीआर और बीजू जनता दल यदि राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में वोट नहीं करते और सदन से बर्हिगमन कर देते है तो भी राज्य सभा में यह अविश्वास प्रस्ताव आसानी से गिर जाएगा। ऐसे में केन्द्र सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया यह विश्वास प्रस्ताव सरकार के लिए कम बल्कि विपक्ष के लिए ज्यादा कठिन परीक्षा की घड़ी साबित होगा। बहरहाल अब जब अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी तो विपक्ष को सरकार के खिलाफ आरोप लगाने का अवसर मिलेगा और मणिपुर मुद्दे को लेकर भी विपक्ष सरकार को कटघरे में खड़ा करेगा। अविश्वास प्रस्ताव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी अखिरकार जवाब देना पड़ेगा। जो विपक्ष की पुरजोर मांग के बावजूद सदन में मणिपुर के बारे में अभी तक बयान देने के लिए तैयार नहीं हुए है। यदि सदन में मणिपुर पर चर्चा हो जाती तो बहुत संभव है कि विपक्ष ब्रम्हास्त्र के रूप में अविश्वास प्रस्ताव लाता ही नहीं। अब तो अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मणिपुर पर भी चर्चा होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी इस पर अपना वक्तव्य देना ही पड़ेगा। अविश्वास प्रस्ताव का नतीजा तो पहले ही स्पष्ट है कि वह गिर जाएगा लेकिन विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाकर सदन में अपनी बात रख पाएगा और प्रधानमंत्री को भी इसका जवाब देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह बात अलग है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब इस अविश्वास प्रस्ताव के चर्चा के समापन पर जवाब देंगे तो वे विपक्ष को आड़े हाथों लेगे। 2018 में भी जब उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसका जवाब देते हुए विपक्ष के बखिये उधेड़ कर रख दिए थे। इस बार भी वे ऐसा ही करे तो आश्चर्य नहीं होगा। इस अविश्वास प्रस्ताव के चलते दिल्ली सरकार के खिलाफ लाया गया अध्यायदेश भी लटक गया है। अब देखना होगा कि उस अध्यायदेश को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के पहले सदन में लाया जाता है या अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद। यह भी देखना होगा कि उक्त अध्यादेश पहले लोकसभा में लाया जाता है या राज्यसभा में पेश किया जाता है। संभवना तो इस बात की है कि पहले उक्त अध्यायदेश को लोकसभा में पटल पर रखा जाए ताकि प्रचंड बहुमत से वह अध्यायदेश लोकसभा से पारित हो जाए और उसके बाद उसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा। ताकि राज्यसभा में भी उसे पारित कराने के लिए अन्य विपक्षी दलों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव ये वे राजनीतिक दल है जिन्होंने अभी तक उक्त अध्यायदेश को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले है। उन्होंने अभी तक स्पष्ट नहीं किया है कि वे अध्यायदेश के समर्थन में है या विरोध में ऐसे राजनीतिक दलों को सरकार अपने पक्ष में लाने की कोशिश कर रही है और यदि वह अध्यादेश लोकसभा में भारी बहुमत से पारित हो गया तो राज्यसभा में भी उसका पारित होना लगभग तय हो जाएगा।

योगेश कुमार गोयल

आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है। कितना ही अच्छा हो, अगर हम सब प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने स्तर पर उस पर ईमानदारी से अमल भी करें। प्रकृति बार-बार अपनी मूक भाषा में चेतावनियां देकर हमें सचेत करती रही है, इसलिए स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति की इस मूक भाषा को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना-अपना योगदान दें।

समझनी ही होगी प्रकृति की मूक भाषा

प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हमें यह भली-भांति जान लेना चाहिए कि इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्यम्भावी है।

सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में बताया गया है कि प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है।

प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का

नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है।

पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात् उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें।

पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार और चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

विचार

डेल्टा रैकिंग में छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान

पूरे प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर जहां प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में घमासान मचा हुआ है, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार की योजनाओं को नीति आयोग उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत कर रही है मान बढ़ा रही है। अजीब विरोधाभास है कि प्रदेश में तीन महीने बाद चुनाव होने वाले है और भारत सरकार के नीति आयोग की डेल्टा रैकिंग में छत्तीसगढ़ को देश में तीसरा स्थान मिलना चुनावी बेला में प्लस पाइंट है। एक तरफ विपक्ष सरकार की योजनाओं की आलोचना करते हुए चुनावी मुद्दा बना रही है और तो दूसरी तरफ भारत सरकार योजनाओं की गुणवत्ता पर स्टार लगा रही है। यह साफ है कि जिस तरह से राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ उसका पूरा डाटा नीति आयोग ने संग्रह कर रैकिंग की होगी। क्योंकि देश की योजनाओं की मानिटरिंग योजना आयोग ही करती है। यह चुनावी साल का सुखद रैकिंग है जो कृषि और जल संसाधन विभाग को मिला है जो बधाई और अभिनंदन-स्वागत योग्य है। राजनांदगांव जिला को कृषि और जल संसाधन के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए डेल्टा रैकिंग में पूरे भारत में तीसरा स्थान मिलना बताता है कि कामकाज हुए है। भारत सरकार की नीति आयोग की डेल्टा रैकिंग में छत्तीसगढ़ राज्य ने ऊंची छलांग लगाई है। यह वाकई प्रदेश के हर नागरिक के साथ सरकार को गर्व महसूस करने वाला पल है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला को पूरे भारत में तीसरा स्थान मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है। कृषि और जल संसाधन के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए राजनांदगांव जिला को नीति आयोग से तीसरा स्थान मिलने पर सीएम भूपेश बघेल ने अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र के लिए जारी डेल्टा रैंकिंग में राजनांदगांव जिले को देश में तीसरा स्थान मिला है। नीति आयोग द्वारा इस उपलब्धि के लिए चैम्पियन ऑफ चेंज के तौर पर जिले की सराहना की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला प्रशासन और पंचायत, कृषि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साधुवाद दिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में जिले में बहुत अच्छा काम हुआ है। नीति आयोग द्वारा जारी इंडिकेटर्स जैसे माईक्रो इरिगेशन से रकबे में वृद्धि, मनरेगा अंतर्गत तैयार जल स्रोत, पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा कृषि उत्पादकता में बढ़ोत्तरी कर राजनांदगांव जिले ने यह सफलता हासिल किया है। मई 2023 में जारी डेल्टा रैंकिंग में देश के सबसे विकसित आकांक्षी जिलों में राजनांदगांव जिले ने तीसरा स्थान हासिल होना सुखद अहसास की तरह है। राज्य सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं जैसे- सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं से जिले में कृषि एवं नवीनतम तकनीक से किसानों में खुशहाली आयी है। वहीं जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी नवाचारी पहल से अच्छे परिणाम मिले है। सरकार की योजनाओं की आलोचना करने वालों के लिए यह करारा जवाब भी हो सकता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मोबाइल ने कर दिया, ऐसा बंटाधार

मोबाइल ने कर दिया,ऐसा बंटाधार। कोसों दूरी से मुआ, हो जाता है प्यार। हो जाता है प्यार, पाक से सीमा आई। मंजू सीमा पार, खबर ने नींद उड़ाई। करने का अब प्यार, खूब है ये स्टाइल। कर देता ये काम, बखूबी अब मोबाइल।। **रमेश शर्मा**

कोटि -कोटि अभिनन्दन वंदन

कोटि -कोटि अभिनन्दन वंदन, माँ

भारत के लाल। तेरी गौरव गाथा गाते, नमन करें दिग्पाल।। मातु भारती के रखवाले, आलौकिक आधार। देशभक्ति कण-कण में बसती, छोड़े घर परिवार। बर्फीली चोटी पर दुश्मन, किया घात अधिकार। सैन्य शौर्य का अनुपम परिचय, देखा यह संसार। **राजकिशोर मिश्र 'राज'**

खास पाती | रास्तों पर पत्थर ही सही चोट

रास्तों पर पत्थर ही सही चोट खाकर उठना पड़ता है। छल,प्रपंच या स्वांग रचे अपनों संग रहना पड़ता है। आंखों के सपने लाख टूटे नया ख्वाब देखना पड़ता? है। हक़ीक़त से वाकिफ़होकर अंजानों सा दिखना पड़ता है। चेहरे पर सख़ूती भले रखे अंदर से पिघलना पड़ता है निश्चल मन को समझें कौन कुंदन सा तपना पड़ता है। **सपना चन्द्रा**

आंखों में आंसू का पहरा न होता

आँखों में आँसू का पहरा न होता ,तो इश्क़ का रंग इतना गहरा न होता! महकती कली सी मैं बागेसबां में, जो तितली सा मन तुम पे ठहरा न होता!! खुमारी भी होती, नींदें भी होती, जो ख्वाबों में इक तेरा चहरा न होता! एहसास तेरे जो दिल को न छूते, तो तुमसे मिलन पर ये पहरा न होता! ज़ज़्बात मेरे तेरे कैदी न होते, तो जुर्म सकिरण का कभी ठहरा न होता..!! **किरण मिश्रा**

हमर पालिसी मंदिर निच्चट गोर्रा

हमर पालिसी मंदिर निच्चट गोर्रा कस लगथे, उहां के जम्मो गोल्लर मन

हा हुर्रा कस दिखथे। जम्मो परजाति के गोल्लर मन उहां सकलाय हे, सिंग मा सींकची पहलवान कस तेल लगाय हे। उही मन हा देस के बिकास के डोरी ला धरे हवय। अउ उही मन हा फ़रियाय हरियाली ला चरे हवय। उनला हकाले के आज कखरो हिम्मत नइ होवय, तेने पाय हमर देस म कहूं भी बरकत नइ दिखय। एके दुख हे उहां मिलय नइ लाल पानी वाले बोतल, तभो ले जाने कैसे चलथे 'राम भरोसे हिन्दू होटल'। **डॉ संजय दानी**

दादी यह चश्मा मुझ को पहनाओ

दादी यह चश्मा मुझ को पहनाओ न खूबसूरत दुनिया अब दिखलाओ न किताबों की दुनिया है बहुत निराली इसमें चक्कर मुझे भी लगवाओ न.. रंग भरेंगे मिलजुल कर तस्वीरों में नए सपने बुनेंगे कुछ तहरीरों में प्यारा प्यारा हिन्दोस्तां है अपना मुझको भी परिचित करवाओ न। **सीमा भाटिया**

दर्द में भी क़रार क्या कहने

दर्द में भी क़रार क्या कहने, हाय ये इंतज़ार क्या कहने। एक तो मानसून का मौसम, उस पे अश्क़ों की धार क्या कहने। ज़ख्म दिल का इधर है और उधर, नून का कारोबार क्या कहने। हाँ! हमीं पर यकीं नहीं तुमको, ग़ैर पर ऐतबार क्या कहने। ग़म की रातों के बाद आई है, सुब्ह-ए-ज़रनिगार क्या कहने। यूँ तो मदहोश हम थे पहले से, उस पे अब दिल फ़रार क्या कहने। **रूबी झा 'कमल'**

आज उनकी गली से गुजरना हुआ

आज उनकी गली से गुजरना हुआ जैसे खुद से खुद का मिलना हुआ।। बहुत आरजू थी उनके दीदार की अफ्सोस खाली हाथ लौटना हुआ।। इक अदद आवाज को भी तरस गए वहां सन्नाटे के नश्तर से सामना हुआ।। बेगैरत होकर सर को झुकाकर रखा सच में, बड़ी मुश्किल से चलना हुआ।। मालूम है अब खिड़की पर कोई नहीं बिलावजह में परदे से जलना हुआ।। चलो अब कपार से उतार फेंकते हैं इश्क का बुखार बहुत सहना हुआ ।। यह जानना भी जरूरी था वंदन अब उसका कोई और अपना हुआ ।। **मनीष सिंह वंदन**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1586: इंगलैंड से वापस लौटने पर सर थामस हेरिओट ने यूरोप को आलू के बारे में बताया। 1741: कैप्टन बेरिंग ने माउंट सैंट एलियास, अलास्का की खोज की। 1742: प्रशिया और आस्ट्रिया ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1821: पेरू ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1858: सर विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म, जिन्होंने फिंगर प्रिंट को पहचान का बेहतर जरिया बताया। 1866: अमेरिका में मापने की मीट्रिक प्रणाली को वैधानिक मान्यता मिली। 1914: प्रथम विश्?व युद्ध की शुरुआत। 1914: एस.एस. कामागाता मारू को वेंकुवर से निकाला गया और भारत रवाना कर दिया गया। 1925: हेपेटाइटिस का टीका खोजने वाले बारुक ब?लमर्ग का जन?म। 28 जुलाई को ही विश?व हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है। 1976: चीन में रिक्टर पैमाने पर 8.3 की तीव्रता का भूकंप आने से लाखों लोगों की मौत। 1979: चरण सिंह देश के पांचवें प्रधानमंत्री बने। 1995: वियतनाम आसियान का सदस्य बना। 2001: पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद सिद्दिकी ख़ान कंजू की हत्या। 2005: सौरमंडल के दसवें ग्रह की खोज का दावा।

QUIZ TIME

1) दुनिया के गुप्तचर प्रमुखों की गुप्त बैठक हाल ही में कहाँ हुई है?

2) विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?

3) किसने संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव रखा?

4) कम्पनशील रज्जु के व्यवहार का अध्ययन करने के लिए किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है?

5) किसे भारतीय राष्ट्रीय महिला वॉलीबॉल टीम का कोच चुना गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सिंगापुर (2) 2 दिसंबर (3) जवाहरलाल नेहरू (4) सोनोमीटर (5) [illegible]

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -138

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 137 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज आप पूर्व में की गलतियों की समीक्षा करेंगे भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता भी रहेगी।

वृष-आज का दिन बीते समय की तुलना में बेहतर बीतेगा। दिन के आरंभ में अधिकांश कार्य हानि होने के डर से करने से कतराएंगे मध्यान तक मन पर चंचलता हावी रहेगी।

मिथुन-आज के दिन से आप काफी उम्मीद लगाए रहेंगे लेकिन दिन निराश करने वाल रहेगा। आवश्यक कार्य मनमौजी प्रवृति के कारण अधूरे रहेंगे।

कर्क-आज के दिन भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति की तलाश में रहेंगे मन में आज कुछ ना कुछ उठापटक लगी रहेगी।

सिंह-दिन सभी कार्य मे सफलता दिलाएगा। पूर्व में किये गए परिश्रम का फल आज अवश्य ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।

कन्या-आज दिन के पूर्वार्ध की संतोषी प्रवृति मध्यान तक बेचैनी में बदल जाएगी। धन को लेकर आज कोई जोखिम नही लेंगे लेकिन लाभ पाने के लिये किसी भी प्रकार से कसर भी नही छोड़ेंगे।

तुला-आज दिन के पहले भाग को छोड़ शेष समय शारीरिक एवं मानसिक समस्या का सामना करना पड़ेगा प्रातः काल से ही स्वास्थ्य में नरमी आने लगेगी।

वृश्चिक-आज के दिन पूर्वार्ध में पहले मिली सफलता के कारण निश्चिन्त रहेंगे महत्त्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही करेंगे।

धनु-आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ शेष सामान्य रहेगा। प्रातः काल सेहत में नरमी रहेगी लेकिन पहले की अपेक्षा सुधार भी आएगा।

मकर-आज के दिन बुद्धि विवेक में विकास होगा लेकिन इससे मनिच्छित सफलता नही मिल सकेगी दिन के पहले भाग में घर मे पुरानी बात के कारण मतभेद रहेंगे।

कुंभ-आज दिन के आरंभ में किसी गुप्त कारण से चिंतित रहेंगे स्वयं अथवा किसी परिजन की गलती के कारण घर मे कलह होने की आशंका से मन व्याकुल रहेगा।

मीन-आज दिन का आरंभ शांति से व्यतीत होगा लेकिन इसके बाद व्यर्थ के प्रपंचो में पड़कर मानसिक शांति खो देंगे।

आज का पंचांग (शुक्रवार, 28 जुलाई 2023)

सूर्योदयः 05:45, सूर्यास्तः 07:19, चन्द्रोदयः 02:08, चन्द्रास्तः 15:45, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष शुक्ल, तिथि दशमी, नक्षत्र अनुराधा, योग शूल (08:53 से गण्ड), प्रथम करण बव (06:08 तक), द्वितीय करण बालव (18:24 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र वृष, मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:50,अमृत काल 18:21 से 20:02, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:19 से 19:39, सायाह्न सन्ध्या 19:21 से 20:21, निशिता मुहूर्त 00:03 से 00:43, राहुकाल 10:30 से 12:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 05:24 से 07:09, होमाहुति राहु (20:52 से केतु), दिशाशूल दक्षिण, नक्षत्र शूल पश्चिम (20:52 से), अग्निवास पृथ्वी (18:24 तक) चन्द्र वास दक्षिण, शिववास कैलाश पर (18:24 से नन्दी पर)।

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - शुभ, 2 - रोग, 3 - उद्वेग, 4 - चर, 5 - लाभ, 6 - अमृत, 7 - काल, 8 - शुभ।

औषधीय जड़ी-बूटियों को संरक्षित करें : साय

- सीएसआईडीसी के अध्यक्ष ने वनौषधि पार्क बनाने पर दिया जोर
- अधिकारियों की बैठक लेकर की काम-काज की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष डॉ. नंद कुमार साय ने बुधवार को गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की समीक्षा की। बैठक में डॉ. साय ने कहा कि प्रदेश के स्थानीय वैद्यों की पहचान कर औषधीय जड़ी-बूटियों को संरक्षित करने के लिए कार्य योजना तैयार किया जाए। उन्होंने औद्योगिक विकास के तहत छत्तीसगढ़ औषधीय पादप बोर्ड से समन्वय कर वनौषधि पार्क बनाने पर भी जोर दिया। बैठक में मरवाही विधायक डॉ. के.के. ध्रुव, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया, वन मंडलाधिकारी श्री सत्यदेव शर्मा, एसडीएम पेंड्रारोड श्री पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सीएसआईडीसी के अध्यक्ष डॉ. साय ने कहा कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला वन और आदिवासी बाहुल्य जिला है, यहां वनौषधि जड़ी-बूटियों की कमी नहीं है। उन्होने औद्योगिक विकास के तहत वनौषधि पार्क भी प्रस्तावित करने कहा। डॉ साय ने औषधीय जड़ी-बूटियों के गुणों के बारे में अपने स्वयं के अनुभव भी साझा किए। उन्होने हड्डी जोड़, जहरीले सांप, बिच्छु का विष उतारने, पीलिया खत्म करने आदि के बारे में बताते हुए कहा कि जड़ी बूटियों के जानकार वैद्यों कि पहचान करें और वनौषधि पार्क बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अश्वगंधा, गिलोय आदि वनौषधियों का प्रभाव काफी कारगर है। वनौषधियों के उपयोग से किसी तरह का दुष्प्रभाव भी नहीं होता है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने बताया कि जिले में लेमन ग्रास की खेती के साथ ही औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए मरवाही विकासखंड के ग्राम पथर्रा, सेखवा एवं मड़ई के 10 महिला स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया गया है। औषधीय पौधों की खेती के लिए केंवची क्षेत्र में भी कार्य योजना प्रस्तावित है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पहले जिले में 31 अक्टूबर 2000 तक 749 सूक्ष्म, लघु उद्योग पंजीकृत थे, जिसमें 94.82 लाख का निवेश एवं 1508 व्यक्ति रोजगार में नियोजित थे। राज्य गठन 1 नंवबर 2000 से 31 मार्च 2020 तक 380 पंजीकृत सूक्ष्म, लघु उद्योग जिसमें निवेश राशि 36 करोड़ 66 लाख 69 हजार और 1833 लोग उद्योगों में नियोजित है। 1 अप्रैल 2020 से 28 अप्रैल 2023 तक 21 उद्योग उत्पादन प्रमाण पत्र प्राप्त हैं, जिसमें 18 करोड़ 39 लाख 20 हजार पूंजी निवेश एवं 196 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इन पंजीकृत उद्योगों में मुख्यतः हॉलर एण्ड फ्लोर मिल, राईस मिल, फेब्रीकेशन, ईंट निर्माण, बर्तन निर्माण, ऑयल एण्ड फ्लोर मिल, फ्लाई एश ब्रिक्स, एल्युमिनियम प्रोडक्ट, आरसीसी पोल, हर्बल प्रोडक्ट, फिनाईल आदि इकाईयां संचालित है। इसके साथ ही नई औद्योगिक नीति 2019-2024 के तहत जिले में 301 प्रस्तावित नये इकाईयों ने उद्यम आकांक्षा प्राप्त किया है।

रिटा. सैनिकों का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज कृषि महाविद्यालय रायपुर के संगोष्ठी कक्ष में ''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम के अंतर्गत कारगिल युद्ध के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर वीरों का वंदन किया गया। इस कार्यक्रम में आठ सेवानिवृत सैनिको, सूबेदार और कोमोडर उपस्थित हुए जिनका अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजकुमार वर्मा, राज्य एन.एस.एस. अधिकारी एवं पदेन उप सचिव डॉ नीता वाजपेई, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ. जी.के. दास की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा के साथ-साथ राष्ट्र प्रेम और समर्पण, सेवा भावना जागृत करना है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा वृक्षा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. पी.के. सांगोडे, कार्यक्रम समन्वयक द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और पंच प्रण की शपथ भी उपस्थित जन समुदाय को दिलाई गई। इसके पश्चात सभी फौजियों द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन दिए गए।

मंत्री मरकाम ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। छात्रावास परिसर में साफ-सफाई देख संतोष प्रकट किए। प्रदेश के आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री मोहन मरकाम ने आज धमतरी जिले के प्रवास के दौरान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह का औचक निरीक्षण किया। वे सुबह 8 बजे छात्रावासों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर छात्रावास परिसर, कमरों, किचन व शौचालय की साफ-सफाई का निरीक्षण कर संतोष प्रगट किया। साथ ही बच्चों के द्वारा प्रार्थना और योगाभ्यास करते देख खुशी व्यक्त किए। श्री मरकाम ने बच्चों से छात्रावास की दिनचर्या के बारे में रू-ब-रू चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती अर्चना नेताम, शिक्षक लीलाराम नेताम, अधीक्षक दौलतराम ध्रुव, श्रीमती गणेशिया ध्रुव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

आई फ्लू की रोकथाम के लिए विभाग ने लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग ने कंजक्टिवाइटिस की रोकथाम के लिए स्कूल शिक्षा और आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के संचालक को परिपत्र जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग ने दोनों विभागों को स्कूलों, छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों तथा आश्रम-छात्रावासों में कंजक्टिवाइटिस से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश प्रसारित करने को कहा है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों को इस संक्रमण के लक्षणों, उपचार और बचाव की जानकारी देने भी कहा है। संचालक, महामारी नियंत्रण द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग और आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को जारी परिपत्र में कहा गया है कि राज्य में मौसम के कारण ÷आँख आने की बीमारी÷ (कंजक्टिवाइटिस) बढ़ गई है। यह सम्पर्क से फैलने वाली बीमारी है जो सघन रहवासी क्षेत्र में अधिक फैलता है। राज्य में संचालित विद्यालय, आवासीय विद्यालय, आश्रम-छात्रावास एवं छात्रावास में छात्र-छात्राएं समूह में रहते हैं जिनमें यह बीमारी फैल सकती है। उन्होंने दोनों विभागों द्वारा संचालित संस्थाओं में इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश प्रसारित करने को कहा है।

संचालक, महामारी नियंत्रण ने अपने परिपत्र में कंजक्टिवाइटिस के लक्षणों, उपचार और इससे बचाव के बारे में भी जानकारी दी है। उन्होंने परिपत्र में कहा है कि कंजक्टिवाइटिस आंख की आम बीमारी है जिसे हम आँख आना भी कहते हैं। इस बीमारी में रोगी की आँख लाल हो जाती है, कीचड़ आता है, आँसू आते हैं, चुभन होती है तथा कभी-कभी सूजन भी आ जाती है। कंजक्टिवाइटिस होने पर एंटीबायोटिक ड्रॉप जैसे जेंटामिसिन, सिप्रोफ्लॉक्सिन, मॉक्सीफ्लॉक्सिन आई ड्रॉप आँखों में छह बार एक-एक बूंद तीन दिनों के लिए मरीज को देना चाहिए। तीन दिनों में आराम न आने पर किसी अन्य बीमारी की संभावना हो सकती है। ऐसे में नेत्र विशेषज्ञ के पास दिखाना उचित होता है। अन्यथा गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती है। कंजक्टिवाइटिस की जाँच एवं उपचार की सुविधा चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है।

कंजक्टिवाइटिस संक्रामक बीमारी है जो सम्पर्क से फैलती है। अतः मरीज को अपनी आँखों को हाथ न लगाने की सलाह देनी चाहिए। रोगी से हाथ मिलाने से बचकर एवं उसकी उपयोग की चीजें अलग कर इस बीमारी के फैलाव को रोका जा सकता है। संक्रमित आँख को देखने से इस बीमारी के फैलने की धारणा केवल भ्रम है। यह बीमारी केवल सम्पर्क से ही फैलती है।

विभागीय परीक्षा 1 से 8 अगस्त तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के गृह-सी विभाग द्वारा विभागीय परीक्षा 01 अगस्त से 08 अगस्त 2023 तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा राजधानी रायपुर के शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय बैरन बाजार में होगी। परीक्षा के लिए महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 56 को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। रायपुर संभाग आयुक्त डॉ संजय अलंग ने परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां समय पर पूरे करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है, साथ ही संभाग के सभी जिला कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में विभिन्न विभागों के परीक्षा में शामिल होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी सूचित करने के निर्देश संभाग आयुक्त ने जारी किए है।

फॉर्म 06 भरकर अपना नाम जोड़ सकते है नए मतदाता : भुरे

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 एवं लोकसभा चुनाव 2023-24 में युवाओं व नवीन मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने रायपुर जिले के युवा क्रिएटर्स के साथ बैठक की। जिसमें युवाओं और नए मतदाताओं को जागरूक करने में क्रिएटर्स व इंन्फ्लुएंसर्स की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ भुरे ने युवा क्रिएटर्स को लोकतंत्र में उनकी सहभागिता तथा शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक करने को कहा । उन्होंने बताया कि यदि आपका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है तो वोटर हेल्प लाईन एप की सहायता से स्वयं फार्म 06 भर कर अपना नाम जोड़ सकते है। साथ ही अपने परिवार एवं दूसरें सदस्यों का जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है और जिनकी आयु 17 वर्ष से अधिक है उनके लिये भी फार्म 06 भरने में सहायता कर सकते हैं। इसी प्रकार नाम, लिंग, पता आदि त्रुटियों का संशोधन और दिव्यांगजनों, वरिष्ठ 80 आयु वर्ष से अधिक मतदाताओं को मतदान के दिन आवश्यक सहायता हेतु फार्म 08 में जोड़कर भर सकते हैं। कलेक्टर ने सभी क्रिएटर्स को आगामी चुनाव में मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। सभी क्रिएटर्स ने इस पहल पर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और जिला प्रशासन की इस पहल के लिए आभार भी जताया।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु आवेदन 31 अगस्त तक

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 के लिए आगामी 31 अगस्त तक आनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी साईट https://awards.gov.in/ पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाता है। पुरस्कार के लिए भारतीय नागरिक और भारत में निवासी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल इस प्रयोजन के लिए बनाए गए ऑनलाईन पोर्टल पर ही प्राप्त किए जाएंगे। चयनितों को 26 जनवरी 2024 को भारत के राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा।

गुड्स ट्रेन हादसा, अप- डाउन लाइन बाधित

- मालगाड़ी बिलासपुर से रायगढ़ जा रही थी, अकलतरा और नैला के बीच हादसा

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। मुंबई- हावड़ा मेन लाइन पर छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चाम्पा जिले में एक बड़ा रेल हादसा हो गया है। एक मालगाड़ी के लगभग दर्जनभर डिब्बे पटरी से उतरकर इधर-उधर बिखर गए हैं। उल्लेखनीय है कि, यह मालगाड़ी बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जा रही थी। तभी अकलतरा और नैला रेलवे स्टेशनों के बीच अकलतरा ईस्ट केबिन के पास इस मालगाड़ी के कई डिब्बों ने पटरी छोड़ दी। देश के सबसे व्यस्ततम रेलवे लाइनों में शुमार इस मार्ग पर मालगाड़ी के पटरी से उतरने पर अनेक गाड़ियां प्रभावित हुई हैं। बहरहाल, मार्ग बहाल होने में कितना समय लगेगा, इस हादसे की वजह क्या रही... आदि कारणों की तलाश में रेलवे के अफसर जुट गए हैं।

सेवा समिति के सेवादारों ने छात्रा की स्कूल फीस जमा की

रायपुर/नवप्रदेश। वाहेगुरू का खालसा वाहेगुरू की फतह समाज सेवा समिति टाटीबंद रायपुर की और से टाटीबंद में एक जरूतमंद परिवार की सेवा करने का मौका मिला किराये के मकान में रह कर अपना और अपनी बेटी का जीवन चला रही है आज समाज सेवा समिति के सेवादारों को पता चला तो घर जाकर हाल चाल जाना और एक बच्ची है जो भारत माता स्कूल टाटीबंद की आठवीं कक्षा की छात्रा है फीस पाटने में असमर्थ थे बच्ची का पिता नहीं होने के कारण फीस जमा नहीं कर पा रहे थे आज समाज सेवा समिति की और एक साल की फीस 23610 रूपये भारत माता स्कूल में प्रिंसिपल को जमा की गई और बच्ची को अच्छी पढ़ाई की शुभकामनाएं दी गई समाज सेवा समिति की और बहुत बहुत धन्यवाद किया जाता है जसपाल सिंग होरा कुलदीप सिंग होरा किसान बंधु एग्रीकल्चर वाले और हरजीत सिंग कलसी गुरुनानक एग्रीकल्चर वाले जिनो ने बेटी की फीस के लिए के लिए अपना योगदान दिया और सभी ही सेवादारो का तहत दिल से शुक्रिया किया जाता है जो सेवाओं में अपना योगदान दिया।

शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारीयो को प्राचार्या श्रीमती दीपाली त्रिपाठी ने शपथ दिलाई। हैडबॉय अंशुमन वर्मा हैडगर्ल ऋषिका दुबे डिप्टी हैडबॉय आर्यन कपूर डिप्टी हैडगर्ल रिया शुक्ला, स्कूल के चारो हाउस गरुड़द्वार, मेहनतकश, नागशक्ति एवं चीलघात के हाउस कैप्टन एवं डिप्टी हाउस कैप्टन, सभी कक्षाओ के क्लास मॉनिटर, डिसिप्लिन मिनिस्टर, एवं कल्चरल मिनिस्टर ने शपथ ले कर विधिवत रूप से विद्यार्थी परिषद का गठन किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शुभम त्रिपाठी उपसंचालक शिवांश इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चो को मिली हुई जिम्मेदारियों को निभाने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की सलाह दी। इस मौके पर विद्यालय के मैनेजर शुभम शर्मा सभी शिक्षक शिक्षिकाओ की उपस्थिति रही।

रुंगटा कॉलेज द्वारा सिकल सेल जागरूकता शिविर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के तहत रुंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर द्वारा अटारी गांव में सिकल सेल रोग जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सिकल सेल रोग (एससीडी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय समुदाय को मुफ्त स्क्रीनिंग सेवाएं प्रदान करना है। शिविर रूंगटा कॉलेज, रायपुर और एम्स, रायपुर के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास था, इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सिकल सेल रोग, इसके लक्षण, प्रबंधन और शीघ्र पता लगाने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। वहीं एम्स रायपुर की मेडिकल टीम द्वारा ग्रामीणों का स्किलिंग स्क्रीनिंग टेस्ट, ब्लड प्रेशर और वजन माप भी किया गया। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफकी टीम के साथ सिकल सेल समिति की अध्यक्ष डॉ. एली महापात्रा ने ग्रामीणों को स्वीकार किया कि यह एक आनुवंशिक बीमारी है और सिकल के आकार में हीमोग्लोबिन की संरचना को प्रभावित करती है, एक प्रोटीन जो लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन ले जाने के लिए जिम्मेदार है। बीमारियाँ माता-पिता से उनके बच्चों में स्थानांतरित हो रही हैं और दो प्रकार की बीमारियाँ हैं। रोगी को अपने शरीर को हाइड्रेटेड और पोषक आहार देने से आराम मिल सकता है। ग्रामीणों ने टीम से कई सवाल और शंकाएं पूछीं और उन्होंने इस प्रकार के चिकित्सा शिविर को बार-बार आयोजित करने का अनुरोध किया।

संतुलित आहार से निरोगी रहने की कला सीख रहे योग साधक

- छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नि:शुल्क आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा फुण्डहर रायपुर में सात दिवसीय संभाग स्तरीय निःशुल्क आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है। दुर्ग संभाग के लिए आयोजित इस शिविर के चौथे दिन बुधवार को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को शारीरिक क्रियाओं, रोगों और संतुलित आहार के माध्यम से निरोगी रहने के बारे में बताया गया। शिविर का आयोजन 23 जुलाई से किया जा रहा है। इसमें 215 योगसाधक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा और सचिव एम. एल. पाण्डेय भी उपस्थित थे। योग सत्र की शुरूआत सुबह 6 बजे सी. एल. सोनवानी और ज्योति साहू द्वारा प्रतिभागियों को योगाभ्यास क्रिया कराने से हुई। इसके बाद डॉ. राधिका चंद्राकर ने प्रत्याहार धारणा और डॉ. मंजू सिंह ठाकुर ने चयापचय और श्वसन सम्बन्धी विकारों के रोकथाम में योग विषय पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. विवेक भारतीय ने यौगिक आहार के बारे में बताया। ज्योति साहू ने गर्भवती महिलाओं के लिए चलाई जा रही विशेष योगाभ्यास योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। श्री लच्छू राम निषाद ने भारत में योग का इतिहास समझाया। इस अवसर पर योग आयोग के अधिकारी-कर्मचारी और योग प्रशिक्षकगण उपस्थित थे।

दुर्ग विवि का कारनामा 60 परीक्षार्थियों को बताया अनुपस्थित

त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम को लेकर परीक्षार्थियों में आक्रोश, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नवागढ़/नवप्रदेश। हेमचन्द यादव दुर्ग विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को एक बार फिर रिजल्ट को लेकर फजीहत झेलना पड़ रहा है। शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में परीक्षा देने के बाद भी बीए सेकंड ईयर के अंग्रेजी विषय में 60 परीक्षार्थियों को अनुपस्थित बताया दिया गया। इसको लेकर परीक्षार्थियों ने नाराजगी व्यक्त किया। गुरुवार को नवागढ़ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी खराब परीक्षा परिणाम के विरोध में कालेज से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर राज्यपाल के नाम एसडीएम नवागढ़ उमाशंकर बंदे को ज्ञापन सौंपा। जिसमें परीक्षा परिणाम में सुधार कर जल्द पुनः घोषित करने एवं सप्लीमेंट्री व रिचेकिंग के शुल्क माफ करने की मांग की गई है। विद्यार्थी परमेश्वर पात्रे,शिखा गेडाम,किरन साहु,अजित चतुर्वेदी ने बताया कि परीक्षा में बैठने के बाद भी विश्वविद्यालय के द्वारा बहुत से छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम में अनुपस्थित बताया गया है। उन्होंने कहा कि गलती विश्वविद्यालय करे और उसका हर्जाना हमलोगों को चुकाना पड़ेगा, यह ठीक बात नहीं है। रिजल्ट सुधार के लिए महाविद्यालय से लेकर विश्विद्यालय का चक्कर काटना पड़ेगा।

त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम बनी प्रथा

विजय चतुर्वेदी,प्रशांत,जनविजय ,टाकेशवर सहित विद्यार्थियों ने कहा कि त्रुटिपूर्ण रिजल्ट प्रकाशित परीक्षा विभाग के लिए कोई नई बात नहीं है। पहले भी कई बार त्रुटिपूर्ण रिजल्ट प्रकाशित करना एक प्रथा बन चुका है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों को परेशान होना पड़ता है। हालांकि, महाविद्यालय प्रबंधन ने भी त्रुटिपूर्ण रिजल्ट सुधार के लिए विश्विद्यालय को पत्र लिख दिया है।

कुछ परीक्षार्थियों को मिले महज 1 या 2 अंक

विद्यार्थियों ने बताया कि इस बार का परीक्षा परिणाम सन्देहास्पद रहा है। कई परीक्षार्थियों को केवल 1 या 2 अंक दिए गए है तो कई परीक्षार्थियों का परिणाम ही रोक दिया गया है। यहाँ तक कि रिचेकिंग की परिणाम घोषित किए बिना ही सप्लीमेंट्री का फॉर्म भरने की तिथियों की घोषणा कर दी गयी है।

त्रुटिपूर्ण रिजल्ट सुधरवाने छूटे पसीने

विश्वविद्यालय में त्रुटिपूर्ण रिजल्ट का सिलसिला कोई नया नहीं है। त्रुटिपूर्ण रिजल्ट का सुधार कराने में विद्यार्थियों के पसीने छूट जाते है। महाविद्यालय से लेकर विश्विद्यालय तक का चक्कर काटते- काटते विद्यार्थी थक जाते है।

विद्यार्थी परेशान होकर जुगाड़ टेक्नोलॉजी का सहारा ढूंढ़ने लगते है। अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी बार-बार आने-जाने के बजाय विश्विद्यालय के ही किसी व्यक्ति से संपर्क कर काम करा लेने में ही अपनी समझदारी समझते है।

61 प्रतिशत रहा परिणाम

नवागढ़ महाविद्यालय में इस सत्र 61 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कूल 1079 परीक्षार्थियों में 659 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बीएभाग 1 में 50 प्रतिशत, बीए भाग 2 में 54 प्रतिशत एवं बीए भाग 3 में 65 प्रतिशत परिक्षा परिणाम रहा है। वही विज्ञान संकाय के बीएससी भाग 1 में 68 प्रतिशत, बीएससी भाग 2 में 68 प्रतिशत एवं बीएससी भाग 3 में 81 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

> त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम के चलते विद्यार्थियों में निराश है। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो यह हमारी प्राथमिकता है। महाविद्यालय प्रबंधन को तत्काल इस मामले गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करने को कहा गया है।
>
> **-मनीष साहू,**
> अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति,शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़।

इसलिए पदभार ग्रहण नहीं कर पाए टेकाम, नियुक्ति हुई आदेश नहीं हुआ

- **नियुक्त की घोषणा के 13 दिन बाद भी अब तक आदेश नहीं**
- **सीएम की स्वीकृति के बाद नोट शीट सीएस के पास है लंबित**

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के आदिवासी विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम नियुक्ति के बाद भी योजना आयोग का कार्यभार नहीं लिए हैं। उनकी योजना आयोग के अध्यक्ष पर पर नियुक्ति तो कर दी गई है, लेकिन विधिसम्मत आदेश पारित नहीं किया गया है।

इसलिए अध्यक्ष पद की घोषणा होने के 13 दिन बाद भी वो उपयुक्त प्रक्रिया की बात जोह रहे हैं। पूर्व मंत्री डॉ.टेकाम से मंत्री पद छिनने के बाद उन्हें राज्य योजना मंडल (आयोग) के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किये जाने का एलान किया गया था। घोषणा के 13 दिन बाद भी नामालूम कारणों से उनका आदेश जारी नहीं किया गया है। टेकाम को सीएम भूपेश बघेल की जगह कैबिनेट मंत्री के दर्जे के साथ योजना आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई थी। इससे पहले उन्होंने शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। नियुक्त पर सीएम की मुहर के बाद नोट शीट मुख्य सचिव के पास लंबित है। बताया गया कि पहले योजना मंडल था, जो कि आयोग बन चुका है। इससे जुड़ी तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए विधानसभा में विधेयक भी पारित किया गया था। सूत्रों के मुताबिक आयोग से जुड़ी दिक्कतों को दूर कर लिया गया है। बता दें कि नियुक्ति को लेकर कई तरह की तकनीकी दिक्कतें हैं। पहले आयोग अथवा योजना मंडल के चेयरमैन सीएम होते थे।

शासकीय-अर्धशासकीय वाहन चालक संघ का प्रदर्शन आज

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासकीय-अर्धशासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के द्वारा राजधानी रायपुर में 28 जुलाई शुक्रवार को आयोजित धरना प्रदर्शन में गरियाबंद जिले के शासकीय-अर्धशासकीय वाहन चालक शामिल होंगे। बताया गया कि प्रांतीय निकाय के आव्हान पर जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस संबंध में बैठक कर आंदोलन में भाग लेने का निर्णय लिया है। संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र यदु, सचिव भुवन दास, कोषाध्यक्ष निर्मल नागेश ने बताया कि संघ के द्वारा आठ सूत्रीय मांगों के समर्थन में यह आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख मांगों में वाहन चालकों का प्रारंभिक ग्रेड वेतन 2800 रुपए किए जाने, दैनिक वेतनभोगी, संविदाकर्मी और कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किए जाने, शैक्षणिक योग्यता के आधार पर वाहन चालकों को भी पद परिवर्तन/पदोन्नति करने, कार्यभारित प्रभा समाप्त कर कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित स्थापना में करने, शासकीय विभागों के वाहन मय चालकों के दुरुपयोग पर अंकुश करने, शासन द्वारा विभिन्न विभागों में व्यापम एवं सीधी भर्ती के माध्यम से दैनिक वेतनभोगी वाहन चालक को प्राथमिकता दी जाए, वाहन चालकों को मोबाइल भत्ता 200 रुपए के स्थान पर 1000 रुपए करने, समस्त शासकीय वाहनों का बीमा अनिवार्य रूप से कराने सहित मांग शामिल है।

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। डॉक्टर खूबचंद बघेल की स्मृति में नगर के तहसील कार्यालय के पास छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनीराज के बने नव निर्मित समुदायिक भवन का उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने फीता काटकर लोकार्पण किया । इस अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित समाजिक जनो को कहा कि समाज में सबकी भागीदारी से ही समाज का विकास होता है। समाज में सामाजिक समरसता आती है। समाज वह है जो सबको साथ लेकर चलें, इससे सबके कल्याण का रास्ता निकालता है। विधायक शर्मा ने आगे कहा कि आज लोग नशे की गिरफ्त में जा रहे है । नशा समाजिक बुराई है वो किसी सरकार के भरोसे दूर नही किया जा सकता इसे समाज ही सुधार सकता है। वही धर्मांतरण के विषय मे भी उन्होंने कहा कि समाज के लोग भटक कर धर्मान्तरण की ओर जा रहे है जिन्हें छोड़ने के बजाए उन्हें मुख्य धारा में लाकर समाज मे जोड़ने का प्रयास करना चाहिए । मनवा कुर्मी समाज का इतिहास काफी गौरव शाली रहा है ,समाज का अपना विशिष्ट पहचान व स्थान है ,इस समाज से ही उन्नत कृषक है और आजादी के बाद छत्तीसगढ़ राज्य का सपना किसी ने देखा था तो वो डॉ.खूबचन्द बघेल ही थे जिन्होंने अलग राज्य के लिए लगातार संघर्ष किया। कार्यक्रम के दौरान राजप्रधान हरिराम वर्मा ने अर्जुनी में समाजिक भवन में बाउंड्री वाल की मांग की जिस पर विधायक ने उक्त मांग को पूरा कराने आस्वस्त किया। उक्त अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ के के नायक ने कहा कि जिस स्थान में आज कार्यक्रम हो रहा है वह पूर्व में प्रसाशनिक कार्यालय के लिए चिन्हांकित था जिसे विधायक शिवरतन शर्मा के प्रयास पर ही कुर्मी समाज के लिए आबंटित किया गया और उनके ही सहयोग से यह सर्वसुविधा युक्त समुदायिक भवन बन कर तैयार है। लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष चोवराम वर्मा,राजप्रधान हरिराम वर्मा,केंद्रीय उपाध्यक्ष के के नायक,पूर्व राजप्रधान सन्तोष वर्मा,महिला अध्यक्ष विद्या वर्मा, नगर इकाई अध्यक्ष दीपक टिकरिहा, छात्रावास अध्यक्ष जितेंद्र नायक,युवाध्यक्ष प्रशांत वर्मा,सेवाराम वर्मा,रमेश वर्मा,आर के वर्मा,हेमलाल वर्मा तेजराम वर्मा,संदीप परगनिहा,गजाधर वर्मा,पवन वर्मा,कृष्ण कुमार वर्मा,के पी वर्मा,भूपेंद्र वर्मा सहित काफी संख्या में सामाजिक लोग मौजूद रहे।

डॉक्टर और स्टाफ से गाली गलौज करने वाला गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला अस्पताल के प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि जिला अस्पताल कवर्धा में डॉक्टर एवं स्टॉप अपनी ड्यूटी पर तैनात होकर मरीजों का इलाज कर रहे थे, उसी समय एक व्यक्ति जिसका नाम सागर साहू पिता नरेश साहू उम्र 25 वर्ष साकिन ग्राम गंगपुर थाना पिपरिया जिला कबीरधाम आया। जो शराब के नशे में धुत होकर अभद्र गाली गलौज करते हुए अस्पताल के अंदर आ गया। जिस पर उपस्थित अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टाफके द्वारा आरोपी सागर साहू को गाली गलौज करने से मना करने पर सागर साहू द्वारा अस्पताल की खिड़की और एंबुलेंस को तोड़फोड़ करने लगा। जिसे देख उपस्थित सिक्योरिटी स्टाफके द्वारा आरोपी को रोका गया, तो आरोपी सागर साहू द्वारा सिक्योरिटी स्टाफके साथ भी गाली गलौज कर उनके साथ भी धक्का-मुक्की कर मारपीट पर उतारू हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में आरोपी सागर साहू के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

साहू समाज के मिथलेश सचिव पुनेन्द्र संयुक्त सचिव बने

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू,अखिल भारतीय तैलीय महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मोहन कुमारी साहू,पवन साहू युवा प्रकोष्ठ के दुर्ग संभाग के अध्यक्ष सनीर साहु ने गंडई तहसील के दो युवाओं को दुर्ग संभाग में जिम्मेदारी दी है। गंडई के ग्राम देवपुरा निवासी मिथलेश साहू को संगठन सचिव एवं ग्राम चीलगुड़ा निवासी पुनेंद्र साहू को सयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौपी गई है। सौपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करेंगे। दोनो युवाओं ने कहा की समाज के वरिष्ठ ने जो जिम्मेदारी दी है,उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे,और समाज के युवा वर्ग को एकजुट और मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।नियुक्ति को लेकर संगठन में हर्ष का माहौल है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों की आय में वृद्धि : भाटिया

राजनांदगांव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सीकर, राजस्थान से किसान सम्मान नीधि का 17 हजार करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से अंतरण किये है। साथ ही साथ ही प्रधानमंत्री ने किसान समृद्धि केंद्रों को देश के किसानों को समर्पित करना भारतीय जनता पार्टी के किसान हितैषी नीति को दर्शाता है। जिला भाजपा के निर्देश पर किसानों के साथ सेवा सहकारी समिति छुरिया में जगजीत सिंह भाटिया बतौर संयोजक व संजय कुमार सिन्हा को सहसंयोजक बनाया गया था। प्रधानमंत्री के उद्बोधन पश्चात श्री भाटिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा है कि जब से केंद्र में श्री मोदी के सरकार आयी है, तब से किसानों की आय दुगुनी हुई है। खाद के कीमतों में सब्सिडी देकर किसानों के साथ न्याय किया है, यदि खाद और दवाई के कीमतों में सब्सिडी नहीं होता तो किसान खाद और दवाई का उपयोग नहीं कर पाते, जिसके चलते उपार्जन में कमी होती। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत किसानों का वर्ष 2023-24 के लिए बीमा कंपनियों का जिलेवार सूचीबद्ध और तिथि जारी किया है। तीन दिवस बीत जाने के बाद भी अभी तक बीमा पोर्टल का चालू नहीं होना राज्य सरकार के नाकामियों को दर्शाता है।

सेवा समिति के सदस्यों ने स्कूली बच्चों को दिया बैग, जूता-मोजा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। पंडर दल्ली सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा नगर पंचायत चिखलाकसा के आश्रित वनांचल ग्राम बारसाटोला एवं खरीटोला में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं जूता मोजा बांटा गया । इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी दल्ली राजहरा राजेश कुमार नांदुरकर , आरोग्य हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर अमित तिवारी एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के सलाहकार किशोर कुमार कराडे मुख्य रूप से उपस्थित थे । वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिक शाला बारसाटोला में पौधारोपण किया गया द्य स्कूल की ओर से प्रधान पाठिका रेणुका उईके ,सहायक शिक्षिका विनीता भूआर्य ,रसोईया श्रीमती योग बाई एवं अरजोतीन बाई उपस्थित थे। प्राथमिक शाला खरीटोला में प्रधानपाठिका शैलेंद्रय यादव, सहायक शिक्षक किशोर कुमार आर्य उपस्थित थे द्य पंडर दल्ली सेवा समिति की ओर से जीवन लाल साहू ,भोज राम साहू, शिव प्रसाद साहू, ममता नेताम , बचित्तर सिंह संधू , मिलाप कुर्रे, सुरेंद्र कुमार, विकास कुमार गजभिए, एवं राकेश साहू उपस्थित रहे द्य वन अधिकारी राजेश कुमार नांदुलकर ने कहा कि समिति की ओर से बच्चों के लिए किया गया प्रयास बहुत सराहनीय है। वनांचल ग्राम होने के कारण अधिकतर बच्चों के पालक बच्चों के लिए जूता मोजा खरीद नहीं पाते स्कूल बैग के बजाय बच्चे सब्जी लाने वाले थैलों का उपयोग करते हैं । जिसकी कमी पालकों को होती थी । इस सेवा समिति के द्वारा बच्चों को जूता मोजा और स्कूल बैग दिया जाना बहुत अनुकरणीय पहल है । जब भी समिति को मेरी जरूरत पड़ेगा मैं हमेशा तैयार रहूंगा ।

बोहारडीह सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोहारडीह के सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पंचों व उपसरपंच ने लाया जहाँ कुल 12 मतों में पक्ष में 10मत मिला वहीं विपक्ष में कोई भी मत करने नही पहुंचने पर कोई मत नही । सरपंच और उसके पंच मतदान करने नही पहुंचे जिससे अविश्वास प्रस्ताव पारित होने से सरपंच पुष्पा ठाकुर को पद से हाथ धोना पड़ा । इससे पहले भी सरपंच के खिलाफसभी पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था उसमें भी सरपंच मतदान करने नही पहुँची और मतदान होने के बाद न्यायालय से स्थगन आदेश प्रस्तुत करने पर वह बच गई थी । पीठासीन अधिकारी तहसीलदार पेखन तोड़े ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है।

सरस्वती शिशु मंदिर में वृक्षारोपण

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धांत मोहंती द्वारा क्ष्यड्डठ्ठह्ल, स्नद्बद्ग एक जीवन रोपो वृक्षारोपण अभियान का आह्वान किया गया है। जिसके तहत भारतीय जीवन बीमा निगम रायपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अशोक ठाकुर के नेतृत्व एवं निर्देशन में सेटेलाइट शाखा गरियाबंद द्वारा 26 जुलाई बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर की अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा, सचिव गिरीश उपासने, प्राचार्य श्री बघेल, भारतीय जीवन बीमा निगम गरियाबंद के शाखा प्रबंधक संजय कालमेघ उपस्थित थे।

पंचायती राज व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन हो

नगरी/नवप्रदेश। प्रयोग समाज सेवी संस्था, तिल्दा रायपुर, विगत 40 वर्षो से जल-जंगल-जमीन से संबंधित समस्याओं के निदान के अलावा जनपेक्षाओं की मंशा के अनुरूप धरातल पर सुद्ध, समृद्ध त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन, जरूरतमंदों, उपेक्षित, शोषित जनों के हितों से सम्बद्ध अनेकों जनवादी शासकीय व्यवस्था लागू करने निरंतर प्रयत्नशील है। विगत वर्षों में पूरे विश्व में व्याप्त महामारी के कारण सभी देश सामाजिक आर्थिक रूप से बहुत बुरी तरह प्रभावित हुआ है, मुख्य रूप से मजदूर वर्ग के परिवार जो प्रतिदिन मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पलायन को रोकने व युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने साथ ही ग्रामीण स्तर पर लोगों को शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए भारत में कोविद्ध-19 के प्रभाव से बनी सामाजिक-आर्थिक स्थिती सुधार के लिए सामुदायिक संगठनों की क्षमता विकास परियोजना का संचालन जनवरी 2022 से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के तीन जिले धमतरी, और महासमुंद में इस कार्यक्रम के लिए 2 लाख 50 हजार लोगों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 351 गांव शामिल है, धमतरी जिले के नगरी ब्लाक के 118 गांव को रखा गया है।

इस परियोजना का सञ्चालन तीनों जिलो में कार्य कर रहे सामुदायिक संगठन, सरकारी विभाग, ग्रामीण स्तर से राज्य स्तर में व्याप्त पंचायती राज व्यवस्था, सरकारी व गैर सरकारी कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के सहयोग से किया जा रहा है जिसके अंतर्गत असंगठित क्षेत्रों के मजदूर तथा बेरोजगार युवा वर्ग, सीमांत व छोटे किसानों, महिलाओं व महिला समूहों में अर्धकुशल श्रमिको का कौशल विकास से सम्बंधित ट्रेनिंग कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। उनकी क्षमता अनुसार आसपास के उद्योगों में उनकी भर्ती करना रोजगार के अवसर प्रदान करना तथा जो व्यक्ति अपने उद्यमिता स्थापित कर उनके विकास के लिए कार्य करना चाहता है उसमे उनकी मदद करना शामिल हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को खाद्य से संबंधित शासकीय योजनाओ (PDS.ICDS, MDM), रोजगार MGNREGS) व पेंशन से जोड़ना है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग

कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 16.08.2023 17:30 तक ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

System Tender No/ N.I.T. No/Date	Name of Work	Probable Amount of Contract
System Tender No/ 142467/NIT No: 30/SAC/2023-24, Date:25.07.2023	दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर के सुरपा माईनर, अकतई सब माईनर, भरर माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 24 नग पाईप कलवर्ट, 02 नग स्लैब व्ही.आर.बी. 12 नग फाल, 02 माईनर हेड 05 नग डी.सी., 01 नग एक्वाडक्ट, 37 नग कोलाबा का निर्माण कार्य।	Rs 808.60 Lakhs
System Tender No/ 142468/NIT No: 31/SAC/2023-24, Date:25.07.2023	दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर के आर.डी. 42 कि.मी. से 51 कि.मी. तक जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 10 पाईप कलवर्ट, 02 नग स्लैब व्ही.आर.बी., 02 नग फाल 01 नग एक्वाडक्ट, 22 नग कोलाबा का निर्माण कार्य।	Rs 819.16 Lakhs
System Tender No/ 142469/NIT No: 32/SAC/2023-24, Date:25.07.2023	दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर की रीवांगहन माईनर, अरमरीखुर्द माईनर, किकिरमेटा माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 15 नग पाईप कलवर्ट, 02 नग स्लैब व्ही. आर.बी., 05 नग फाल, 03 नग माईनर हेड, 05 नग डी.सी. 26 नग कोलाबा का निर्माण कार्य।	Rs 545.84 Lakhs
System Tender No/ 142470/NIT No: 33/SAC/2023-24, Date:25.07.2023	दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर की खपरी माईनर, डीडाभाठा माईनर नं.01, डीडाभाठा माईनर नं. 02, असोगा माईनर, असोगा सब माईनर, केसरा माईनर, डगनिया माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 23 नगर पाईप कलवर्ट, 11 नग फाल, 06 नग माईनर हेड, 25 नग 25 नग कोलाबा का निर्माण कार्य।	Rs 604.07 Lakhs
System Tender No/ 142471/NIT No: 34/SAC/2023-24, Date:25.07.2023	दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर के घोरारी माईनर, पहंदा माईनर नं. 01, पहंदा माईनर नं.02, रावनगुड़ा माईनर चुलगहन सब माईनर, रंगकठेरा माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 22 नग पाईप कलवर्ट, 20 नग फाल, 03 नग माईनर हेड, 03 नग डी.सी., 23 नग कोलाबा का निर्माण कार्य।	Rs 728.96 Lakhs

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 01.08.2023 समय 17.31 बजे से देख तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्यारमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी- 03687/5

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
कोंडागांव वनमंडल कोंण्डागांव	कोंडागांव काष्ठागार	04/08/2023, प्रातः 9:00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज			अविक्रित वनोपज			योग		
	ई.काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई.काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
सगौन	0.000	0	0	18.365	122	41	18.365	122	41
साल	625.588	642	131	4369.176	3280	3187	4994.764	3922	3318
बीजा	10.668	6	0	208.206	55	97	218.874	61	97
साजा	1.251	0	0	20-121	74	17	21.372	74	17
हल्दू	0.000	0	0	22.279	5	18	22.279	5	18
नीलगिरी	-	-	-	0.274	144	33	0.274	144	33
अन्य	8.508	1	0	157.116	55	45	165.624	56	45
जलाऊ				Fuel Stack Mixed 254			Fuel Stack Mixed 254		
योग :-	646.015	649	131	4800.537	3735	3438	5446.552	4384	3569
जलाऊ				**Fuel Stack Mixed 254**			**Fuel Stack Mixed 254**		

दूरभाष क्रमांक-दक्षिण कोंडागांव वनमंडल (07786-242303)

(1) प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रुपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।

(2) क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2023 का पंजीयन प्रमाण पत्र, जीएसटी प्रमाण पत्र एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।

(3) विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस, जीएसटी कर एवं आयकर पेन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।

(4) नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

(5) जीएसटी की राशि का भुगतान पृथक से **कोण्डागांव वनमंडल कोण्डागांव** के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो कोंडागांव में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

जी- 03724/5

वनमंडलाधिकारी
कोंडागांव वनमंडल
कोंडागांव

नृत्यांगना देवीका की प्रस्तुति ने जीता दिल

दुर्ग/नवप्रदेश। पद्मनाभपुर निवासी कथक नर्तकी देविका दीक्षित नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित नटनागर महोत्सव में सम्मानित की गई। यह महोत्सव स्व. गुरु पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज के जन्म उत्सव पर आयोजित की गई थी। देविका ने इस महोत्सव में 2 नृत्य प्रस्तुत किए। इस प्रस्तुतिकरण में गुरु पंडित कृष्णमोहन महाराज का योगदान रहा। वे पंडित बिरजू महाराज के छोटे भ्राता हैं। महोत्सव में देश के नामीगिरामी कथक नृत्यकारों ने अपने नृत्य की प्रस्तुति दी। कथक की महानयिका पद्मश्री स्व. सितारा देवी के सुपोत्र विशाल कृष्णा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। वे नटराज स्व. पंडित गोपीकृष्ण के भतीजे हैं। वे कथक के मंजे हुए कलाकार व शिक्षक भी हैं।इनके अलावा जयपुर घराने की मशहूर नृत्यांगनाएँ बिस्मिल्ला ख़ान पुरस्कार प्राप्त गौरी दिवाकर व विधालाल ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। दुर्ग निवासी देविका दीक्षित ने महोत्सव में सराहनीय प्रस्तुति दी। देविका विगत 21 वर्षों से कथक कर रही है। कथक में उन्होने एमए ,कोविद व विशारद की डिग्री हासिल की है। देविका की गुरु कृष्णप्रिय कथक केंद्र की संस्थापक उपासना तिवारी हैं। देविका ने बताया कि उसके कथक के इस लंबे सफर में उपासना तिवारी का विशेष योगदान रहा है। उपासना तिवारी के अतिरिक्त देविका ने पंडित कृष्णमोहन महाराज से भी कथक की शिक्षा प्राप्त की है।

चिकित्सकों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, सीएम से

■ **कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

दुर्ग/नवप्रदेश। इंडियन हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटलिटी कोऑपरेटिव लिमिटेड नई दिल्ली के संचालक लखनलाल साहू द्वारा दुर्ग जिले के शासकीय अस्पतालों में जिम्मेदार चिकित्सकों के संरक्षण पर बड़ा भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया गया है। इसे लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री के अलावा शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को चिकित्सकों के नामों का उल्लेख कर शिकायती पत्र प्रेषित किया है और दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कारवाही कर उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की गई है। बुधवार को मीडिया से चर्चा में इंडियन हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटलिटी कोऑपरेटिव लिमिटेड के संचालक लखनलाल साहू ने कहा कि दुर्ग जिला मुख्यमंत्री का गृह जिला है। यहां मरीजों के स्वास्थ्य के साथ चिकित्सकों द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने करोड़ों रुपए आवंटित किए जा रहे हैं, लेकिन यहां के जिम्मेदार चिकित्सक अपने निजी स्वार्थ के लिए गुणवत्ताविहीन मेडिकल उपकरणों की खरीदी कर भ्रष्टाचार तो कर ही रहे हैं साथ ही शासन को करोड़ों रुपयों का चूना लगा रहे हैं। जिससे जिले के मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। श्री साहू ने आरोप लगाते हुए कहा कि दुर्ग जिला अस्पताल में भराशाही किसी से छिपाए नहीं छिपी है। यहां बिना राशि भेंट किए मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाता है। जिसके कई उदाहरण सामने आ चुके हैं। बावजूद आज तक ऐसे चिकित्सक अस्पताल मैं जमे हुए हैं। जिससे अस्पताल की व्यवस्था खराब हो रही है। साहू ने कहा कि शासकीय अस्पतालों के भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं को पत्र के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत करा दिया गया है, अगर शिकायतों पर शासन प्रशासन द्वारा जिम्मेदार चिकित्सकों के खिलाफ जल्द कार्यवाही नहीं की गई तो इंडियन हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटलिटी कोआपरेटिव लिमिटेड पीड़ित मरीजों व उनके परिजनों के साथ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। मीडिया से चर्चा के दौरान किसान विकास बहुउद्देशीय सोसायटी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, हितेश साहू भी मौजूद थे।

राखी प्रदर्शनी में स्वनिर्मित उत्पाद होंगे आकर्षण का केन्द्र

■ **30 जुलाई को चेंबर जिला महिला विंग का आयोजन**

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला विंग द्वारा 30 जुलाई को सिटी सेंटर मॉल फरिश्ता काम्पलेक्स में राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पाद गिफ्ट हैम्पर्स,चॉकलेट्स,होममेड स्किन केयर एवं हर्बल कॉस्मेटिक, गोबर से निर्मित राखियां व अन्य उत्पाद,सूट्स,आभूषण,जूट बैग,बैकरी प्रोडक्ट,आचार,सूखे नास्ते,स्टेशनरी,छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के अलावा अन्य उत्पाद आकर्षण का केन्द्र होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए चेम्बर दुर्ग जिला महिला विंग अध्यक्ष पायल जैन ने बताया कि राखी प्रदर्शनी का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। जो रात 8 बजे तक चलेगा। यह प्रदर्शनी आत्मनिर्भर महिलाओं को बेहतर मंच देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। चेम्बर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनके उत्पादों को उचितबाजार उपलब्ध करवाने के दिशा में लंबे समय से अभियान छेड़े हुए है। यहप्रदर्शनी आत्मनिर्भर अभियान का सार्थक परिणाम है। सुश्री जैन ने बताया कि राखी प्रदर्शनी के आयोजन में चेंबर युवा विंग और कैट संगठन का सहयोग मिल रहा है।

भिलाई रॉयल के सदस्यों ने रायगढ़ में ली शपथ

भिलाई/नवप्रदेश। लायन्स क्लब भिलाई रॉयल के संस्थापक एमजेएफ लॉयन अनिल अग्रवाल को इस वर्ष डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के जी.एल.टी कोऑर्डनैटर के जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी कड़ी मे लायन्स क्लब भिलाई रॉयल के नव निर्वाचित अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन अभिषेक अग्रवाल को एक और जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमे उनको लायन्स क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी (ज़ोन लिली-3) का ज़ोन चेयरपर्सन भी नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि लायंस इंटरनेशनल मे जीएलटी कोऑर्डिनेटर का पद एक बहुत ही सम्मान जनक पद होता है। जिन पर इस वर्ष की काफी सारी जिम्मेदारियां भी होती है। इसके साथ ही नई व्यवस्था में लायन्स क्लब भिलाई रॉयल के नव निर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल को इस वर्ष अध्यक्ष और ज़ोन चेयरपर्सन की दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभानी है। सेवाभावी संगठन लायन्स क्लब भिलाई रॉयल के इन दोनों पदाधिकारियों ने हाल ही में रायगढ़ मे हुए डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के इन्स्टलैशन में जाकर शपथ ग्रहण की। इस कार्यक्रम मे नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लॉयन शैलेश अग्रवाल ने लायन्स क्लब भिलाई रॉयल के कार्यो की जमकर प्रशंसा की। इस भव्य कार्यक्रम मे लायन्स क्लब भिलाई रॉयल के कोषाध्यक्ष बिगुल अग्रवाल और एमजेएफ लॉयन प्रकाश डहाके ने भी अपनी उपस्थिति दी।

उल्लेखनीय है कि लायन्स क्लब भिलाई रॉयल अपने कार्यकाल के प्रथम माह मे ही अपनी गतिविधियों की वजह से चर्चा में है । क्लब के सदस्यों ने जहां एक जुलाई को सीए डे एवं डॉक्टर्स डे मनाने से अपने कार्यकाल की शुरुआत की तो वहीं इस पूरे माह में क्लब ने जगह-जगह पहुंच पौधारोपण कर पूरे भिलाई को प्रदूषण मुक्त करने के लक्ष्य में अपनी सहभागिता दी । क्लब ने इस माह वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को सूखा राशन भी दिल खोल कर दान किया। वहीं क्लब ने अपनी गर्मजोशी से इस साल की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी भव्य रूप से आयोजित किया । क्लब की ओर से भविष्य में कई महत्वपूर्ण समाज हित के कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है।

सात वार्डों में होगा विकास, गृहमंत्री ने किया भूमिपूजन

■ **सड़क किनारे बनेगा पॉथवे, सीसी रोड और नाली निर्माण**

रिसाली/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक व प्रदेश के लोक निर्माण, गृह व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बुधवार को 1 करोड़ 12 लाख 77 हजार का भूमिपूजन किया। नगर पालिक निगम रिसाली के सात अलग-अलग वार्डों में विकास के लिए पूजा अर्चना कर शिला लेख का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से चर्चा भी की। भूमिपूजन करने मंत्री सबसे पहले रूआबांधा गांधी चौक पहुंचे। जहां नाली व सड़क सीमेंटीकरण करने भूमिपूजन किया। इसी तरह रूआबांधा दक्षिण, रूआबांधा पूर्व, एचएससीएल कालोनी रूआबांधा, रूआबांधा सेक्टर, रिसाली सेक्टर पूर्व व रिसाली सेक्टर पश्चिम में भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, अनुप डे, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन, पार्षद विनय नेताम, रेखा देवी, सारिका साहू, डॉ. सीमा साहू, जमुना ठाकुर, डोमन बारले, टीकम साहू, ममता यादव, माया यादव, शीला नारखेड़े, संजू नेताम, एल्डरमेन संध्या वर्मा, शिशिर साहू, मो. निजाम आदि उपस्थित थे।

इस कार्य के लिए तोड़ा नारियल-वार्ड 02 आर.सीसी नाली एवं सीसी रोड 13.99 लाख, वार्ड 3 सीसी रोड 13.99 लाख, वार्ड 04 नाली एवं सीसी रोड 14 लाख, सीसी रोड 14 लाख, वार्ड 5 नाली 14.27 लाख, वार्ड 6 पॉथवे निर्माण 11.23 लाख, नाली निर्माण 3.05 लाख, वार्ड 7 पुलिया, नाली निर्माण, सिमेंटीकरण 14.25 लाख, वार्ड 08 में स्ट्राम वॉटर ड्रेन 9.97 एवं पॉथवे निर्माण 4.02 लाख।

गृहमंत्री कार्यक्रम के दौरान जोहार चौक रिसाली में रूके। यहां पर उन्होंने सौंदर्यीकरण करने दिशा निर्देश दिए। भूमिपूजन के बाद गृहमंत्री वार्ड 19 विजय चौक पहुंचे। इस वार्ड में निगम द्वारा तालाब निर्माण कराया जा रहा है। मंत्री ने कार्य का अवलोकन करते हुए निगम आयुक्त आशीष देवांगन को तालाब सौंदर्यीकरण करने निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री बैकुंठ धाम मंदिर पहुंचे,और पार्षद एल्डरमेन व नागरिकों से चर्चा की।

पिता-ससुर की याद में बच्चों को पानी की बोतल वितरित

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में प्राचार्य वर्षा ठाकुर के द्वारा ब्रम्हलीन पिता ठाकुर चूड़ामणि सिंह परमार और ब्रम्हलीन ससुर ठाकुर मनमोहन सिंह की स्मृति में विद्यालय में कक्षा 9वीं में नवप्रवेशित सभी बच्चों को पानी बोतल प्रदान किया गया । पानी बोतल पाकर बच्चे बहुत हर्षित हुए । उन्होंने बच्चों से आव्हान किया कि आप विद्यालय में नियमित रूप से पानी बॉटल लेकर आए । साथ ही कहीं जाते हैं तो भी अपने साथ एक बोतल पानी जरूर रखें । साथ ही प्राचार्य द्वार कक्षा 9वीं में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा कुमारी तारिणी , कुमारी महिमा और छात्र विवेक मार्कण्डे के वर्ष भर का शालेय शुल्क ब्रम्हलीन माता - गुलाब बाई परमार एवं सास सिद्धि बाई ठाकुर की स्मृति में प्रदान किया गया । इन विद्यार्थियों ने बताया कि शालेय शुल्क की पूर्ति इनके आगे की पढ़ाई जारी रखने में सहायक होगा।

ज्ञातव्य है कि प्राचार्य ठाकुर द्वारा पिछले 12 वर्षों से विद्यालय में नवप्रवेशित बच्चों को पानी बॉटल और दो विद्यार्थियों का वर्ष भर शालेय शुल्क प्रदान किया जाता है । साथ ही और भी कुछ जरूरत मंद बच्चों के फीस की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन समिति और समुदाय के सहयोग से करती हैं । इस वर्ष श्री राज कुमार भल्ला जी द्वारा दो छात्राओं, कुमारी हेमलता नायक और विद्या यादव की फीस दिया गया । शालेय शुल्क पाकर बच्चों के आंखों में खुशी के आंसू छलक आए । चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और बहुत मन लगाकर पढ़ने का वादा किया । एक और सदस्य श्री सरसीज घोष द्वारा दो बच्चों की फीस देने की घोषणा किया गया।

विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्री सुभाष साव जी द्वारा कक्षा दसवीं में 80प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा किया था । इस क्रम में इस वर्ष सुभाष साव द्वारा दीपेश कुमार सूर्यवंशी को पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार में 5000/ पांच हजार रुपए नगद प्रदान किए । एक सकारात्मक पहल के लिए साव को विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य ठाकुर ने बहुत बहुत धन्यवाद देते हुआ कहा कि आपका यह पहल समूचे समाज के लिए प्रेरक होने के साथ साथ बच्चे के शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बहुत उपयोगी होगा । दीपेश का कहना है कि वह यह राशि अपने खाते में जमा करेगा ।उसके आगे की पढ़ाई में काम आएगा। गत वर्ष वार्ड पार्षद मुकेश अग्रवाल द्वारा विद्यालय में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों को अपने बेटे लक्ष के जन्मदिन के उपलक्ष में टिफिन बॉक्स प्रदान किया गया था । अध्यक्ष सुभाष साव ने आशीर्वचन देते हुए सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने का आव्हान किया साथ ही आगे भी जरूरत पढ़ने पर मदद देने का वादा किया । वार्ड पार्षद श्री मुकेश अग्रवाल जी ने शिक्षा की जीवन में आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की व्यवस्था और पढ़ाई की प्रशंसा किया । सदस्य फूलचंद साहू जी नन्हीं चींटी का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन में कई उतार चढ़ाव आता इससे डरना नहीं बल्कि डटकर मुकाबला करना है एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी । प्राचार्य ठाकुर ने गोरखपुर की दिव्यांग बालिका खुशी सक्सेना जो कि वर्तमान में MBBS में दूसरे वर्ष में अध्ययन रत है की सफलता और संघर्ष की कहानी सुनाकर प्रेरित किया ।

कार्यक्रम के अंत सभी विद्यार्थियों को चार - चार कापियां शासन की योजनानुसार निशुल्क प्रदान किया गया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के एवं सभी शालेय स्टॉफ सुभाष साव मुकेश अग्रवाल फूलचंद साहू भुखऊ साहू ाजकुमार भल्ला पी बुरहान, कर्महे , बी मैथ्यू, एशमी बंजारे, प्रतिमा भारद्वाज रूपेश्वरी साहू रोशन सोनी गौकरण यादव रूखमणी विश्वकर्मा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

निधन

पुष्पलता देवी

छुईखदान/नवप्रदेश । छुईखदान रियासत राजपरिवार की छोटी रानी साहिबा पुष्पलता देवी पति छोटे राजा राधासर्वेश्वर किशोर दास छुईखदान का आकस्मिक निधन 26 जुलाई बुधवार को गोपाल भवन छुईखदान में हो गया है, स्व. छोटी रानी साहिबा 83 वर्ष की रही है, अंतिम यात्रा 27 जुलाई को सुबह नौ बजे निकली। छोटी रानी साहिबा पुष्पलता देवी अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्रियां लाल शिवेंद्र किशोर, लाल जेके वैष्णव, लाल संजय वैष्णव सहित नाती नातिनों को छोड़कर गई। सहज सरल स्वभाव मृदुभाषी सामाजिक धार्मिक संस्कारों में सक्रिय रहीं ।

पाठ्य सामग्री मिली तो खिल उठे बच्चों के चेहरे

भिलाई/नवप्रदेश। सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत 'प्रयास' श्रवण विकलांग संस्थान सुपेला भिलाई में बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की। इन विशेष बच्चों को पाठ्य सामग्री मिली तो सभी के चेहरे मुस्कान के साथ खिल उठे। सभी ने इशारों में फाउंडेशन का आभार जताया।

फाउंडेशन की ओर से अंचल के गरीब, वंचित व घर से दूर रह कर पढ़ाई कर रहे बच्चों को लगातार 5 वर्ष से पाठ्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इसी पहल को विस्तार देते हुए फाउंडेशन की ओर से यहां 'प्रयास' श्रवण विकलांग संस्थान सुपेला तमाम बच्चों को कॉपियों का सेट दिया गया। इस वर्ष पाठ्य सामग्री बांटने का यह चौथा चरण था, जो आगे अन्य स्कूलों में भी जारी रहेगा। आयोजन में स्कूल से प्राचार्य राजेश पांडेय, अमिता अग्रवाल, चंदना सेन, लतिका सोना, रेखा सोनी, अनिता शर्मा, रजनी दुबे, अंजना बंसोड़, निकिता सोनपिपरे, निकहत फातिमा और मोहम्मद तथा जीई फाउंडेशन से प्रदीप पिल्ले और के. वी विनोद उपस्थित थे।

भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

दुर्ग/नवपदेश। कसारीडीह सिविल लाइन स्थित श्री सांई मंदिर में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह की शुरुआत हुई। कथावाचक पंडित कैलाश तिवारी (सरदा वाले)के श्रीमुख से संगीतमय कथा का वर्णन श्रद्धालुओं को काफी प्रभावित कर रहाहै। फलस्वरुप कथा श्रवण के लिए श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में जुट रहे है। यह श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह 30 जुलाई तक चलेगा। कथा श्रवण का प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक पुण्यलाभ प्राप्त किया जा सकेगा।कथावाचक पंडित कैलाश तिवारी के श्रीमुख से भागवत महत्तम,सुखदेव प्रगट्य,सत्ती चरित्र,ध्रुव चरित्र,समुद्र मंथन,बामन अवतार, गुरु महिमा,रामजन्मोत्सव, कृष्णजन्मोत्सव की सुंदर कथा ने श्रद्धालुओं कोमंत्रमुग्ध किया।कथा श्रवण के लिए यजमान आनंद गुप्ता, ओमप्रकाश सिन्हा, अशोक अग्रवाल,रोहित साहू,डॉ. दिनेश चंद्राकर,श्री सांई मंदिर समिति के अध्यक्षश्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, श्रीधर भजने, अन्नपूर्णामढ़रिया, पुरुषोत्तम यादव, गंगाबाई चंद्राकर, अनिता राऊत के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार संतू पिता नाथू जाति ढीमर
कास्तकार ग्राम गिर्रा प.ह.नं. 18
रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतू पिता नाथू जाति ढीमर निवासी ग्राम गिर्रा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गिर्रा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. सण्डी स्थित भूमि ख.नं. 25/22 रकबा 0.113 हे. संतू पिता नाथू जाति ढीमर के नाम पर राजस्व अभिलेख में एकल खाते में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो गया है। जिससे आवेदक को खाद, बीज, ऋण शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यों में परेशानी होने के कारण आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन मय, थाना रिपोर्ट, शपथ पत्र, कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, बी-1 खसरा चालान प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 28.07.2023 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 14.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

न्यायालय नजूल अधिकारी भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ/20 (3)
वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा मूंदड़ा पिता श्यामरतन मूंदड़ा निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 9, भूखंड क्रमांक 43/3 क्षेत्रफल 140.52 वर्गमीटर अर्थात 1512 वर्गफुट, निर्धारण 258.00 रुपये भूमि नजूल अभिलेख में अनावेदिका उषा ढोलकिया पति प्रभुदास ढोलकिया निवासी राजकोट गुजरात के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.12.2022 को बैनामा कीमती 8,40.000 रु. अक्षरी आठ लाख चालीस हजार रुपये में क्रय किया है। उक्त विक्रय विलेख के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदिका/विक्रेता का नाम विलोपित कर अपने नाम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 28.07.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - अविनाश देशमुख
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400222

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अविनाश देशमुख आ. स्व. रामकिशन देशमुख, निवासी बाजार चौक रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.नं. 49 तह. व जिला दुर्ग	64/18	0.020 हे. 1852 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /202307101500061 ब/121
वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हरिशंकर पिता गैंदलाल साहू अन्य 01 जाति तेली निवासी कबीर नगर महुआ बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपने नाम पर दर्ज मौजा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि आवेदकगण हरिशंकर पिता गैंदलाल साहू व अन्य के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 203/23 रकबा क्रमशः 0.010 हे. दर्ज होने किन्तु ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं होने से ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक हरिशंकर पिता गैंदलाल साहू अन्य 01 जाति तेली निवासी कबीर नगर महुआ बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 16.08.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.07.2023 को जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल देवांगन पिता डी.आर. देवांगन निवासी ग्राम पदमनाभपुर द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1095/28 रकबा 0.0020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालाना की मूल प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 8.8.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.7.23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 25.7.23
सुनवाई दिनांक 8.8.23

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6 अ वर्ष 2023-2023

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक उषा देवी आ जयराम ठाकुर साकिन मरोदा से. भिलाई द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 16/246 रकबा 0.004 जो आवेदिका के नाम पर दर्ज है वह ऑनलाईन में डबल डबल दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का त्रुटि सुधार कर अद्यतन किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08.08.2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CG 5106224072023047

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी देवेन्द्र जैन पिता/पति स्व. मोहनलाल जैन पता- 201 वार्ड नं. 32 जैन गली जय आनंद परिसर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 460/1 (0.0232) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मीना पारख पिता/पति मनीष पारख पता-मेघगंगा स्ट्रीन 2ई मकान 02 मधुबन वाटिका खंडेलवाल कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरणइबलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.08.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.07.2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार ख्यातिनेताम तहसील दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

पं.नं. 202307100400347/अ-2/2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका हेमलता पटेल आ./पति राजेश पटेल निवासी - प्लाट नं. 55 भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम - कोहका प.ह.नं. 45 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 6041, 6043 रकबा 0.0200, 0.0400 हे. 6232 वर्गफीट (व्यवसायिक) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग. भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

मणिपुर हिंसा की विभिन्न श्रम संगठनों ने की निंदा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। मणिपुर हिंसा पर दल्ली राजहरा के विभिन्न श्रम संगठनों ने कड़ी निन्दा करते हुए अपना रोष जताया एवं मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटनाओं पर रोक लगाने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने हेतु राष्ट्रपति के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौंपा।

कहा गया कि मणिपुर हमारे देश का महत्वपूर्ण व अभिन्न हिस्सा है। राज्य एवं केन्द्र सरकार की सोची समझी साज़िश पूर्ण रणनीति के तहत विगत ढाई माह से अधिक समय से हिंसा व अराजकता से मणिपुर जल रहा है। यह हिंसा पूरी तरह राज्य प्रायोजित हिंसा है। जहाँ इतनी हिंसा व बहुसंख्यक वर्ग द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के ऊपर भारी अत्याचार, बर्बरता व अमानवीय पूर्वक हमले कर रहा है जिसमें अब तक 150 से अधिक लोगों की जान भी जा चुकी है,कई महिलाओं /लडकियों के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं होती रही है। यह स्वयं मणिपुर के मुख्यमंत्री का बयान है। चार मई 2023 की वह घटना जिसमें दो महिलाओं को नग्न कर सैकड़ों लोगों की भीड़ द्वारा किया जा रहा यौन शोषण व सामूहिक बलात्कार बहुत ही हृदय विदारक घटना है। इस पर वहाँ के मुख्यमंत्री का बड़े ही बेशर्मी पूर्ण यह बयान कि यह कोई एक घटना नहीं ऐसे तो सैकड़ों घटनाएं हुई है?। वह भी पुलिस के मौजूदगी में, स्पष्ट करता है कि राज्य सरकार की प्रायोजित हिंसा है। मणिपुर में हो रही भयंकर हिंसा व महिलाओं पर हो रही भारी शर्मनाक घटनाओं से हमारे देश को विश्व भर में शर्मसार होना पड़ा है।

राज्यपाल महोदया राज्य की हालात लगातार केन्द्र सरकार को भेजते रही है, उन्होंने एक वीडियो जारी कर अपनी लाचारी व्यक्त किया है। परंतु केन्द्र सरकार आंखों में पट्टी बांधकर मुक बधिर बैठा रहा। माननीय सुप्रीम कोर्ट को अंततः इस पर संज्ञान लेना पड़ा तब जाकर प्रधानमंत्री ने इन घटनाओं पर अपनी चुप्पी तोडते हुए निंदा जारी किया है। इस पर भी राजनीतिक रोटी सेंकते हुए मणिपुर की घटनाओं की तुलना छत्तीसगढ़ व राजस्थान के साथ किया है जिससे हम सभी छत्तीसगढ़ वासियों की भावना आहत हुई है । मणिपुर में ढाई माह से चल रही हिंसा की आग उनके पड़ोसी राज्य में भी फैल रहा है। परंतु राज्य एवं केन्द्र सरकार इस पर समुचित कदम नहीं उठा रहे हैं। अतः 25. जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य के दल्ली राजहरा के निम्न संगठन मणिपुर में प्रायोजित हिंसा व महिलाओं पर अत्याचार की कड़ी निंदा व प्रदर्शन के माध्यम से आक्रोश व्यक्त करते हुए निम्नलिखित मांग करते हैं:- मणिपुर राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त कर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाई जाये। मणिपुर में ही रही हिंसा व महिलाओं पर अत्याचार के दोषियों को सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में जांच करवाई जाए तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। मणिपुर में जारी हिंसा व महिलाओं पर अत्याचार पर रोकथाम के लिए सैन्य बलों सहित सभी समुचित उपाय अपना कर राज्य में जल्द से जल्द शांति स्थापित किया जाये। इस प्रदर्शन कार्यक्रम में हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाईज यूनियन (सीटू), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, बौद्ध महासभा राजहरा संगठनों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर संवाद आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर, कवर्धा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगाँठ पर गुरुवार को शिक्षाविदों एवं मीडियाकर्मियों के मध्य संवाद आयोजित हुआ। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. आसनानी द्वारा समागत शिक्षाविद अतिथि प्रभाकर झा-प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम, रंगलाल बारले-प्राचार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं उपस्थित मीडियाकर्मियों का स्वागत करते हुए केन्द्रीय विद्यालय में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया । विद्यालय की शिक्षिका दीक्षा, प्राथमिक शिक्षक द्वारा प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में विद्या प्रवेश के ऊपर चर्चा की गयी। उपासना जांगड़ा, प्राथमिक शिक्षक द्वारा निपुण भारत एवं एफएलएन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। सुनील कुमार साहू, स्पेशल एजुकेटर शिक्षक द्वारा स्पेशल एजुकेशन से सम्बंधित जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्राचार्य रंगलाल बारले एवं प्रभाकर झा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न खूबियों पर सविस्तार प्रकाश डाले गये। उक्त अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम करते हुए प्रकृति संरक्षण हेतु संकल्पित हुए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक डॉ. बी. के. मिश्रा द्वारा किया गया एवं व्यवस्था सहयोग में एस. आर. तिवारी, मनोज पुषाम, सुधीर कुमार केशरवानी, प्रमोद साहू, शंकर निषाद एवं दीपक कुमार चन्द्राकर की भूमिका सराहनीय रही।

जयश्री ने किया हाट बाजार क्लीनिक का शुभारंभ

■ **रामपुर व दिवानभेड़ी में हाटबाजार क्लीनिक की सुविधा**

डोंगरगांव नगर/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के रामपुर व दीवानभेड़ी में राज्यशासन की महत्वाकांक्षी योजना हॉट बाजार क्लीनिक का शुभारंभ हुआ। सप्ताह में बाजार के दिन ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में प्रारंभ हॉट बाजार क्लीनिक का विधायक दलेश्वर साहू की धर्मपत्नी समाजसेवी जयश्री साहू ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व अंचल के ग्रामीणों की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू बतौर अतिथि सम्मिलित हुए। अतिथियों ने राज्य सरकार की योजना के तहत रूटीन स्वास्थ्य लाभ लेने अपील की।

रामपुर में शुभारंभ मौके पर विशिष्ट अतिथि बतौर जनपद सदस्य मनीष साहू, सरपँच रत्ना बोरकर, सेक्टर प्रभारी संतोष ठाकुर, लोकेश सिन्हा, रोशन साहू सहित गणमान्यजन शामिल हुए। उक्त अवसर पर दुधेराम साहू, द्वारिका तारम, बेनीराम बोरकर, लक्ष्मण, देवानंद सहित पंचगण एवं मितानिन महिलाएँ उपस्थित थे। दीवानभेड़ी में शुभारंभ मौके पर समाजसेवी श्रीमती जयश्री साहू व जपंअध्यक्ष टिकेश साहू ने शुभारंभ किया। इस मौके पर सरपँच सुमित्रा लीलम गोस्वामी, सेक्टर प्रभारी लोकेश सिन्हा, अमलीडीह सरपँच रोशन साहू विशिष्ट अतिथि बतौर सम्मिलित हुए। उक्त अवसर डॉ भूपेंद्र मारकंडे, इंदिरा यादव आरएचओ, मोनिका यादव सीएचओ सहित पंचगण उपस्थित थे।

कांवरियों का कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रवंशी ने किया स्वागत

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चचेड़ी के बोल बम कवारियो ने अमरकंटक से पैदल चलकर जल लाकर डोगरिया के महादेव में जल अभिषेक किया फिर पैदल चलकर कवर्धा बूढ़ा महादेव में जल अभिषेक कर पैदल चचेड़ी पहुंच कर चचेड़ी के महादेव मंदिर में जल चढ़ाया । जहां कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी द्वारा डीजे और बाजे गाजे के साथ सभी कावरियो का स्वागत किया साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने कावरियो के साथ बैठकर भोजन किया। कांवरियों का स्वागत में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी, सोनपुरी सोसायटी अध्यक्ष नरेशु चंद्राकर, देवानंद सोनी कांग्रेस सेक्टर अध्यक्ष चचेड़ी, राजीव गांधी मितान क्लब के अध्यक्ष विशाल तिवारी, एवं समस्त चचेड़ी का ग्रामवासी उपस्थित थे।

अमिशी और आशी के भजनों से झुम उठे श्रोता

■ **पुरषोत्तम मास महोत्सव में मनाया गया शीतला सप्तमी**

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रत्येक तीन वर्ष में मनाए जाने वाले अधिक मास पुरुषोत्तम मास का भव्य और विशाल आयोजन में मंगलवार को शीतला माता सप्तमी का पर्व मनाया गया,जिसमे भजन गायिका के रूप में जमीनीपाली कोरबा की बेबी अमिशी और आशी उपाध्याय ने अपने भजनों की श्रृंखला में उपस्थित लोगों के मध्य अच्छा समा बांधा,जिसका सभी लोगो कंठ मुक्त से उनकी सराहना की। मंगलवार को हुआ माता शीतला सप्तमी के मुख्य जजमान मयूर परिवहन के राधेश्याम शर्मा थे।

बताया जाता है की पुरषोत्तम मास की विशेष महत्ता है,शास्त्रों मे इसकी महिमा अत्यंत श्रद्धा भाव से कही गयी है,भगवान विष्णु को

समर्पित यह मास जन जन के भी आस्था एवं श्रद्धा का प्रमुख केन्द्र बिन्दु माना जाता है। भाटापारा मे वैसे अधिकमास का आयोजन तो पंचायती मंदिर,बड़े हनुमान मंदिर सहित मानस भवन एवम अन्य स्थानों पर हो रहा है लेकिन मुख्य आयोजन संजय वार्ड मारवाड़ी कुवा शंकर मंदिर में हो रहा है, जहा दोपहर में नगर की महिलाओ के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन होता है वही रात के समय नगर सहित बाहर से आमंत्रित गायकों कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाती है,जिसे सुनने महिला पुरुष काफी संख्या में रात्रि में आयोजन स्थल पर उपस्थित रहते है।रात्रि साढ़े 8 बजे से रात लगभग 11 बजे तक भक्ति मय कार्यक्रम होता है।अधिकमास का आयोजन अगले माह की 17 अगस्त तक चलेगा।

अधिक मास पुरुषोत्तम मास मे मान्यता है कि मास अवधि मे सभी पर्वो एवं त्योहार को मनाया जाता है,इस वर्ष 59दिनों के सावन एवं मास अवधि मे सभी पर्वो को शंकर मंदिर मारवाड़ी कूवा में बड़े ही आत्मीयता के साथ मिलजुल कर मनाया जा रहा है।मंगलवार को शीतला माता सप्तमी का पर्व यहां मनाया गया,जिसमे भजन गायिका के रूप में जमीनीपाली कोरबा की बेबी अमिशी और आशी उपाध्याय ने अपने भजनों से उपस्थित लोगो के मध्य ऐसा समा बांधा की कार्यक्रम के चलते तक वहा बैठे लोग करतल ध्वनि से दोनो बच्चियों का उत्साह वर्धन करते रहे।

कांग्रेस सरकार ने जनता की आंखों में धूल झोंकने का किया काम : शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित मिनी माता कालोनी (09 लाख की लागत) एवं बघेल नगर (04 लाख की लागत) में बनने वाले सी.सी.रोड निर्माण कार्य के लिए क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने भूमिपूजन किया।

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर व्यंग कसते हुए कहा की कांग्रेस राज के साढ़े चार साल छत्तीसगढ़ की जनता ने बड़ी कठिनाई से गुजारे है। इन वर्षो में विकास के काम तो दूर की बात मूलभूत सुविधाओं की भी अनदेखी इस कांग्रेस के सरकार ने की है। कांग्रेस सरकार ने जनता की आंखों में धूल झोंककर उनके अधिकारों का हनन किया है। प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल के लिए बनी अमृत मिशन योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेश की जनता को वंचित रख कर उनके सामने भविष्य के लिए परेशानियां खड़ी कर दी है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के साथ-साथ, भाटापारा नगर की जनता के लिए भी निराशाजनक रही। जितने भी वादे उन्होंने किए किसी वादे को पूरा नहीं किया है। आज जो भी विकास कार्य नगर में दिख रहे हैं वह भाजपा सरकार के 15 वर्षो में किए गए काम है। भाटापारा शहर में देखे तो हर वार्ड में सामुदायिक भवन जनता के उपयोग के लिए बनाए गए हैं। सड़के भाजपा सरकार ने बनाई है, पानी की व्यवस्था भाजपा सरकार के ही दौरान बेहतर हुई। परंतु आज भूपेश बघेल की सरकार में यह व्यवस्थाएं ठीक नहीं चल पा रही है। बारिश के दिनों में नालों की सफाई ना हो पाने से नगर की जनता को थोड़े से ही बारिश में गंदे पानी के जल भराव से जूझना पड़ता है,..भूपेश सरकार जनता को इन समस्याओं से मुक्ति दिलाने के बजाय चौक चौराहों पर होल्डिंग व विज्ञापनों में मस्त है। भूपेश सरकार विकास सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित है।

प्रदेश के कर्मचारियों की बात करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि धोखा देना तो कांग्रेस की फित्तरत रही है और कांग्रेसी और धोखा एक दूसरे के पूरक रहे हैं। कांग्रेस अपने घोषणापत्र उठा कर देखे, चुनाव में कर्मचारियों से वोट लेने जितने भी घोषणा, घोषणा पत्र में शामिल है।

छात्राओं को साइकिल वितरित

नवागढ/नवप्रदेश। सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ के कक्षा नवमी की छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में वर्तमान में 93 छात्राएं हैं,सभी को साइकिल का वितरण किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के शाला विकास समिति के अध्यक्ष रूप प्रकाश यादव, प्राचार्य आर पी कुर्रे, गंगाधर कुलकर्णी, मोरध्वज गायकवाड, पुरुषोत्तम साहू, संगीता देवांगन, मेनका सोनी, मीनाक्षी त्रिवेदी, कुंज खरे,संतोष यादव सहित छात्राए उपस्थित थी

बेबुनियाद दावों से नहीं जाएंगे डॉ. रमन सिंह की आस्तीन में लगे दाग : जितेन्द्र मुदलियार

■ **भाजपा का प्रदर्शन महज दिखावा, विधायक का कर्तव्य भी नहीं निभा पा रहे पूर्व सीएम**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में भाजपा के प्रदर्शन को छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने महज दिखावा करार दिया है। उन्होंने कहा कि-पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की आस्तीन घोटालों के दागों से अटी पड़ी है। 36 हजार करोड़ का नान घोटाला, पनामा पेपर्स लीक, इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला जैसे कई मामले हैं जिनके दाग ऐसे नहीं जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की स्थिति खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की तरह है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरकार में 36 हजार करोड़ रुपए का नान घोटाला हुआ। इन मामलों में डॉ. रमन सिंह की संलिप्तता के आरोप हैं। इससे बड़ा पीडीएस घोटाला तो आज तक नहीं हुआ। ये वहीं हैं जो

अपनी ही सरकार में उपचुनाव हार जाने के डर से जीत के लिए कांग्रेस विधायक प्रत्याशी की खरीद कर रहे थे।

भाजपा सरकार के घोटालों पर मुदलियार ने कहा कि पनामा पेपर्स लीक में डॉ. रमन सिंह के पुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का नाम आना...नान घोटाले में सीएम मैडम को करोड़ों की रकम पहुंचाने की डिटेल डायरी में मिलना, ये साबित करने के लिए काफी है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश का कितना शोषण किया है। इंदिरा प्रियदर्शनीय बैंक घोटाले के आरोपी का नार्को का बयान तो सभी ने देखा और सुना है जिसमें वह डॉ. रमन सिंह तक करोड़ों रुपए पहुंचाने की बात स्वीकार रहा है।

श्री मुदलियार ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा का छत्तीसगढ़ में सुपड़ा साफ हो गया। वह एक भी उपचुनाव भी नहीं जीत सकी। उम्मीद थी कि वे अपनी हार के बाद अपनी नाकामियों का विश्लेषण करेंगे और अपने गलतियों को स्वीकार करेंगे, लेकिन वे ऐसा न कर साढ़े चार साल बाद भी महज फर्जी दावे ही कर रहे हैं। स्थानीय विधायक होने के नाते तो वे अपने कर्तव्यों को ठीक तरह से निभा नहीं पा रहे हैं, उनके निर्वाचन क्षेत्र की जनता उन्हें ढूंढ रही है। इस बीच वे गाहे-बेगाहे मंच पर भाषण देने राजनांदगांव आते हैं और औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं। जाहिर तौर पर वे जन आक्रोश रैली का दिखावा कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के कामकाज और उसकी योजनाओं पर बोलते हुए मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस सरकार की योजनाएं देश में एक मॉडल बनकर उभरी है। किसान, महिला, युवा की उन्नति की बुनियाद मजबूत हुई है। शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर बड़े फैसले और बड़ी योजनाएं लागू हुई हैं जिनके क्रियान्वयन ने इन सेक्टर्स का चेहरा ही बदल दिया है। प्रदेश के सांस्कृति और खेल विकास के लिए भी शानदार प्रयास किए गए हैं।

अब जिले के युवा भी भरेंगे उड़ान, जिले में खुली निशुल्क आईएएस कोंचिग

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा अब उडान भर सकेंगे, क्योकि कवर्धा विधायक व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयास से प्रदेश की प्रसिद्व कोचिंग संस्था उडान आईएएस द्वारा जिले के युवाओं को निशुल्क कोचिंग दे रही है।

नगर के एकता चौक में मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयास से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इस कोचिंग को उद्धाटन आज मंत्री ने की हैं। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि जिले के युवा इस

कोचिंग में पढाई कर अच्छे पोस्ट में चयन होने पर ही असली खुशी मिलेगी। अब सभी के लिए यह निशुल्क कोचिंग की शुरुआत की गई है। इसका लाभ अवश्य ले और उच्च पदों पर चयनित हो। इस अवसर पर उड़ान अकादमी के असिस्टेंट डायरेक्टर विवेक अग्रवाल ने उडान कोचिंग की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के 7 जिलों में यह कोचिंग सेंटर चल रही हैं। जिसमें मात्र 12 वर्षो में 400 से अधिक छात्र प्रतियोगी परीक्षा में चयनित होकर अधिकारी बन चुके हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा की मंत्री जी के प्रयास से जिले के युवाओं को अपना कैरियर बनाने से मदद मिल रही हैं। जिले के युवा इसका लाभ अवश्य ले और जिले के नाम रौशन करने।

शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष व पार्षद मोहित माहेश्वरी ने कहा कि मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयास से जिले के युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षा में की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग की शुरुआत हो गई है। लेकिन सबसे अधिक खुशी प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित होने के बाद अधिकारी लेवल की नौकरी लगने से होगी।

इस कोचिंग में 100 युवाओं किया जाएगा। दो पाली में कोचिंग क्लासेंस लगाया जायेगा। वहीं कोचिंग के सिनीयर शिक्षक दिनेश कुमार साहू ने बताया कि उडान अकादमी सोशल मिडिया में भी तेजी से आगे बढ़ा है।

प्रथम पेज का शेष...

इंडिया अलायंस के सांसद ...

जाहिर की है। इस रैली में मिजोरम के सीएम जोरमथांगा ने भी हिस्सा लिया था। बीरेन सिंह ने कहा कि जोरमथांगा को दूसरे राज्य के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सीएम सिंह ने कहा, 'यह राज्य सरकार की ड्रग कार्टेल के खिलाफ लड़ाई है। मणिपुर सरकार राज्य में रहने वाले कुकी समुदाय के खिलाफ नहीं है। राज्य सरकार मणिपुर में होने वाली सभी घटनाओं पर नजर रख रही है। उन लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है, जो मणिपुर की अखंडता को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।'

नीजर में तख्तापलट...

संविधान को भंग कर दिया है, सभी संस्थानों को निलंबित कर दिया है और देश की सीमाओं को सील कर दिया है। साथ ही कहा कि मंत्रालयों के प्रमुख रोजाना के कामकाज देखेंगे। कर्नल मेजर अब्द्रमाने ने कहा, सभी साझेदारों से हस्तक्षेप न करने के लिए कहा गया है... स्थिति ठीक होने तक हवाई सीमाएं बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक रात का कर्फ्यू लगाया गया है, अगली सूचना तक। उन्होंने कहा कि सैनिक नेशनल काउंसिल फॉर द सेफगार्ड ऑफ द होमलैंड (सीएनएसपी) के लिए काम कर रहे हैं। इस बीच, नीजर के राष्ट्रपति परिसर को फिलहाल सील कर दिया गया है। देश के आंतरिक मंत्री हमादौ सौले को भी स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह राष्ट्रपति गार्ड द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें बज़ौम के साथ रखा गया है। बाद में सैकड़ों प्रदर्शनकारी बज़ौम के समर्थन में नियामी में एकत्र हुए।

बरतामती बसपा के नए जिलाध्यक्ष बने

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। एडवोकेट एन.पी. अहिरवार केन्द्रीय-कोऑर्डिनेटर व प्रदेश प्रभारी बसपा, हेमन्त पोयाम प्रदेशाध्यक्ष बसपा के अनुसंशा पर डॉ डी डी बरतामसी को जिला बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. डी डी बरतामसी पूर्व में भी बहुजन समाज पार्टी के सन 2012 से 2015 तक बसपा के बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वे 2015 से 2018 तक रायपुर सम्भाग का जोन प्रभारी के पद पर कार्य कर अपनी जिम्मेवारी से निभाया है एवं नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ. बरतामसी ने प्रेस को बताया कि मुझे पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा से कार्य कर जिले के सभी विधानसभा में बसपा को मजबूत कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए सभी सीटों पर जीत का परचम लहराएगें।

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक अ-74/2022-23

// उद्घोषणापत्र //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि -आवेदक/ आवेदिका अजय पाल निषाद पिता/स्व. रामसहाय निवासी सिरसाखुर्द तह. व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है. कि अपने भूमिस्वानी हक कि भूमि ग्राम भेड़सर प.ह.नं. 05 तह. व जिला दुर्ग में स्थितं भूमि खसरा नं. 1173/3, 1185/3 रकबा 0.4500, 0.2700 हेक्टेयर भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 11/08/23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृतः व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आपेक्ष पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/07/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग छत्तीसगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उदघोषणा

पं.नं.202305100400190/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा जनता को सूचित किया जाता है कि आम अवेदक/आवेदिका युवराज कौशिक आ./पति कृपाराम कौशिक निवासी रिसाली भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 1057/33, 34 रकबा 0.0100, 0.0100 हे. 1800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै सुनीता शिशिर, निवासी- एम.आई.जी - 9 पद्मनाभपुर, मेन रोड, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.), यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुनीता शुक्ला पिता श्री बद्री प्रसाद तिवारी रख ली हूं। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो मे मेरा नया नाम सुनीता शुक्ला पिता श्री बद्री प्रसाद तिवारी से ही जाना व पहचाना जावे।

सुनीता शुक्ला
एम.आई.जी - 9
पद्मनाभपुर, मेन रोड, दुर्ग,
तहसील व जिला दुर्ग
(छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बीजापुर, जिला- बीजापुर (छ0ग0)

Email ID- nagarpanchayatbijapur@rediffmail.com

क्रमांक / 619 / लो. नि.शा./ न.पा. परि. / 2023-24 बीजापुर, दिनांक 27/07/2023

-:: मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ::--

नगरपालिका परिषद् बीजापुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ ठेकेदारों से छ.ग.लो.नि.वि. द्वारा विद्युत/यांत्रिकी कार्य हेतु दिनांक 01/06/2020 को जारी एस.ओ.आर. तथा निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. के आधार पर निविदा प्रपत्र 'अ' में कम/बराबर/अधिक प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय - 09/08/2023 समय 05:30 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र प्रदायगी की अंतिम तिथि एवं समय -11/08/2023 समय 05:30 बजे तक
(3) निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय -18/08/2023 समय 04:00 बजे तक
(4) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 18/08/2023 समय 04:30 बजे से

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य समस्त 15 वार्डों में बीजापुर	49.04	36800/-	1500/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, बीजापुर
जिला- बीजापुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

केशतरा में 5.41 लाख की वित्तीय अनियमित्ता

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर के आदेशानुसार जिला बेमेतरा के ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत साजा ब्लाक के ग्राम पंचायतों में ब्लॉक सामाजिक अंकेक्षण समन्वयक देव दिवाकर, वीएसए रेखराम सोनवानी, वीरेंद्र निर्मलकर, राकेश ध्रुव के द्वारा ग्राम पंचायत केशतरा में सामाजिक अंकेक्षण किया गया, जिसमें वर्ष 2022-2023 के

कूड़ा पृथक्करण शेड निर्माण कार्यों जो कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बेमेतरा के द्वारा कार्य का जांच किया गया। कार्य स्थल पर कार्य नहीं कराया गया हैं व कार्य के नाम पर दो कूड़ा पृथक्करण शेड निर्माण कार्य का 541506 रू का फर्जी बिल लगा कर भुगतान कर लिया गया हैं। सामाजिक अंकेक्षण जांच व निरीक्षण दल द्वारा उक्त कार्य के जांच का प्रतिवेदन भी तैयार किया गया।

बेहतर भारत की बुनियाद कार्यक्रम में बेंगलुरू पहुंचे युवा कांग्रेसी

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के द्वारा 26-28 जुलाई तक बेंगलुरु में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी श्रीनिवास एवं राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लुवरु के नेतृत्व में 'बेहतर भारत की बुनियाद' कार्यक्रम आयोजित हो रही है।

जिसमे शामिल होने प्रदेश सचिव नदीम अली,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, अभिषेक बंजारे अन्य साथियों साथ बैंगलुरु पहुँचे। प्रमोद कुंजाम ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर से 3,000 से भी अधिक पदाधिकारियों के भाग लिया है। यह आयोजन आजादी के बाद युवा कांग्रेस का सबसे बड़ा संगठनात्मक युवा सम्मेलन कार्यक्रम होने जा रहा है। समाज का हर वर्ग परेशान है। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश की जनता से किए गए वादों की लिस्ट लंबी है लेकिन, मिला कुछ नही।जनता पूरी तरह से मोदी सरकार से त्रस्त हो चुकी है।

प्रदेश के 7 पुलिस अधिकारियों को मिलेगा प्रेसिडेंट गेलेंट्री अवार्ड

■ **IPS अभिषेक पल्लव, RI वैभव मिश्रा, SI अश्वनी सिन्हा, SI यशवंत श्याम, ASI उसारू राम कुर्राम, TI उत्तम कुमार और शहीद APC कृष्णपाल सिंह कुशवाह को मरणोपरांत राष्ट्रपति पदक मिलेगा**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य पुलिस के सात अधिकारियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक से नवाज़ा जायेगा।15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में वीरता पदक दिया जाएगा। पदक सम्मान वाले अधिकारीयों में आइपीएस अभिषेक पल्लव, आर आई वैभव मिश्रा, एस आई अश्वनी सिन्हा, एस आई यशवंत श्याम, एएसआई उसारू राम कुर्राम और इंस्पेक्टर उत्तम कुमार समेत शहीद एपीसी कृष्णपाल सिंह कुशवाह को मरणोपरांत वीरता पदक दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ पुलिस के सात पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के वीरता पदक से 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी को की गई थी। पुलिस मुख्यालय ने सभी अधिकारियों को एक पत्र जारी कर 15 अगस्त को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में उपस्थित करने का निर्देश दिया है। बता दें कि वीरता पदक सैन्य कर्मियों को खतरनाक परिस्थितियों में वीरता के कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। और छत्तीसगढ़ के 7 पुलिस अधिकारियों इस पदक से नवाजा जाना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। वैभव मिश्रा अभी रायपुर पुलिस लाइन में निरीक्षक पद पर पदस्थ हैं। वहीं आइपीएस अभिषेक पल्लव फिलहाल दुर्ग से ट्रांसफर होने के बाद जिला कबीरधाम में पदस्थ हैं। शहीद APC कृष्णपाल सिंह कुशवाह भी शामिल। बलिदानी कृष्णपाल सिंह कुशवाह छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में नक्सलियों से मुठभेड़ में बलिदान हो गए थे। बलिदानी कृष्णपाल सिंह ने वर्ष 1995 में भिलाई से एसएएफ ज्वाइन की थी। अभी वह एसटीएफ में एपीसी के पद पर थे।

66 इंस्पेक्टर, 533 सब इंस्पेक्टर का बल्क में तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में लगातार पुलिस विभाग में प्रशासनिक सर्जरी की जा रही है। फिर पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर थाना प्रभारियों का ट्रांसफर किया गया है। यह आदेश प्रदेश के पुलिस विभाग के मुखिया डीजीपी अशोक जुनेजा ने जारी किया है। ट्रांसफर लिस्ट में कुल 141 इंस्पेक्टर का तबादला किया गया है। इसके अलावा 16 आरआई का ट्रांसफर भी किया गया है। छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर के तबादले हुए है।

भाजपाइयों ने देखा किसान समृद्धि केंद्र का सीधा प्रसारण

नवागढ़/नवप्रदेश। गुरुवार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में देश के किसानों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। जिसके लिए पूरे देश भर के प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र एवं कृषि केंद्रों पर इसका प्रसारण टीवी एलइडी के माध्यम से किया गया। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी मण्डल मण्डल के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान के नेतृत्व में सामूहिक रूप में पीएम मोदी का वर्चुअल उद्बोधन तिलका पारा चौक स्थित डॉ जगजीवन खरे के निवास में सुना।

समारोह का लाइव प्रसारण देखने के लिए कार्यकर्ता व किसान उपस्थित थे। विकास दीवान ने कहा कि मोदी सरकार ने आज देश में किसानों की मुश्किलों को हल करने के लिए 1.25 लाख किसान समृद्धि

केंद्रों को समर्पित किया। इनके जरिए खेती से जुड़ी हर जानकारी, हर योजना की सूचना, उसे लाभ आदि के जरिए बताया जाएगा। एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को करीब 18,000 करोड़ रुपये की राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत दी, जो सीधा उनके खाते में गई है। एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ जगजीवन खरे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को बड़ी सौगात दी है। एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी सरकार गांव,गरीब, किसान के कल्याण के लिए संकल्पित है। महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु राय ने कहा कि किसानों की आय को दोगुनी करने की दृष्टि से केंद्र सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है।इस अवसर पर विधानसभा विस्तारक बीरेंद्र साहू, पूर्व जनपद सदस्य निमीराज सोनवानी, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य छन्नू गुप्ता, भगत कुम्भकार, मिन्टू बिसेन,धनीराम निर्मलकर, कुंजबिहारी ठाकुर, गोलु सिन्हा, टीकम गोस्वामी, मनीष सेन, परमेश्वर साहू, नरेन्द्र बंजारे सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

गुरुकुल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

नवागढ़/नवप्रदेश। गुरुकुल विद्यालय सुकुल पारा नवागढ़ में कारगिल विजय दिवस पर शहादत को सलाम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर प्रधान विकास धर दीवान ने उपस्थित होकर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में देशभक्ति की शिक्षा सबसे अच्छी शिक्षा होती है। छात्रों को देशभक्ति से जोड़कर उनके जीवन को देश के काम में आने के योग्य बनाया जा सकता है।

दीवान ने कारगिल के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों पर भी डटे रहने का नाम जीवन है । जैसे सैनिक हर विषम परिस्थितियों पर डटे रहकर देश की रक्षा करते हैं वैसे हमें भी किसी भी विषम परिस्थिति पर दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ ऐसी परिस्थितियों का मुकाबला करना चाहिए। हम अपने घर गांव में

रहकर भी देश की सेवा कर सकते हैं ।देश के लिए अच्छा कर सकते हैं और यही देशभक्ति है। उन्होंने प्रत्येक बच्चों को अपने घर परिवार में देशभक्ति की बातें करने की प्रेरणा दी।

विद्यार्थियों के द्वारा ह्यूमन चैन,चित्र,कविता, गीत,और नृत्य के माध्यम से शहीदों को नमन किया गया। नृत्य में 9 वी की छात्रा छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दिया तथा चित्रकारी में आयुष, गोपी, आर्यन, ऋतुराज, जीविका, तरुणा,गीत,और कविता में रीना, राजवीर तनुराय ने विभिन्न प्रस्तुति दी। विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने कहा की हम विद्यालय में पूर्णतः देशभक्ति का वातावरण बनाना चाहते हैं। और प्रत्येक छात्र को देशभक्त यही हमारी प्राथमिकता है। शिक्षा के साथ देशभक्ति अनिवार्य है जिससे छात्रों के मन में देश के प्रति प्रेम और समर्पण भाव आना चाहिए।

पात्र-अपात्र की अंतिम सूची जारी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना द्वारा आवेदन आमंत्रण सूचना के अनुक्रम में जनपद पंचायत बलौदाबाजार के आंगनबाडी केन्द्र भद्रापाली-01 में कार्यकर्ता के रिक्त 1 पद एवं आंगनबाडी केन्द्र कोकडी - 1, रवान - 4, ढाबाडीह-2, देवरी-1, अमलकुण्डा-1, रसेडी-2, ताराशिव-1 में सहायिका के रिक्त 7 पदों पर भर्ती हेतु ओवदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन किया जाकर प्रारंभिक मूल्यांकन पत्रक जारी करते हुए पात्र/अपात्र की सूची का प्रकाशन किया गया था। पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची / प्रावीण्य की अंतिम सूची कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार एवं कार्यालय जनपद पंचायत बलौदाबाजार में चस्पा किया गया है।

किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के पदेन अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख सुरक्षा) अधिनियम 2000 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किशोर न्याय बोर्ड बेमेतरा में किया गया। जिसमें अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती तनुश्री गवेल ने बताया कि न्यायालय द्वारा 12 अक्टूबर 2011 को पारित निर्णय संपूरणा बहेरूआ विरूद्ध भारत संघ व अन्य में पारित गाईडलाईन के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किशोर न्याय बोर्ड सीडब्ल्यूसी विशेष किशोर ईकाई पुलिस विभाग, पैनल अधिवक्ताओं के प्रशिक्षण हेतु आयोजित किया गया हैं।

उक्त निर्णय में विधि से संघर्षरत किशोर अथवा बच्चें को अपराधी नहीं अपितु उसे पीड़ित के रूप में माना जाये दर्शित हैं। साथ ही उन परिस्थितियों पर गौर किये जाने हेतु कहा गया जिनकी विवशता के कारण बच्चा या किशोर अपराध करने हेतु मजबूर हुआ। अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में विस्तार से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया तथा प्रतिभागियों की समस्या का निदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कमल शर्मा उप पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, श्रीमती कौशिल्या साहू डीएसपी, राजेंद्र बनाफर सीडब्ल्यूसी, आनंद घृतलहरे सामाजिक कार्यकर्ता, राजेश शर्मा सहित पेनल अधिवक्ता उपस्थित थे।

ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बने अमित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस के अंतर्गत डोंगरगढ़ विधानसभा के

घुमका युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के लिए राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. पलक वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस आकाश शर्मा द्वारा अमित राजपूत को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर अमित राजपूत ने राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. पलक वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस आकाश शर्मा, विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान आदि।

डीडब्ल्यूपीएस के प्रधानाचार्य एक्सीलेंस कॉनक्लेव से सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया, भाटापारा, स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश पोपट को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित 'एजुकेशन एक्सीलेंस कॉनक्लेव-2023' में आधुनिक शिक्षण प्रणाली में विद्यार्थियों के लिए सहज शिक्षण हेतु विभिन्न नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा तथा सह- प्रबंधक संदीप गोयल एवं समस्त शिक्षक समुदाय ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाए दीं है। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने सामूहिक चर्चा में कहा

कि हमनें अपने विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्राचीन ग्रंथों में वर्णित पद्धतियों को आधार बनाकर अध्ययन और अध्यापन पर जोर दिया, जिससे विद्यार्थियों में विषय के प्रति सोचने-समझने तथा उसे वयक्त करने में सहजता पाई गई, विषय के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ गई। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे वेदों-पुराणों,उपनिषदों, महान ग्रंथों जैसे- रामायण, महाभारत आदि में हज़ारों वर्ष पूर्व से ही सभी विषयों का संपूर्ण ज्ञान भरा पड़ा है। जो लोग आज कोई नया शोध करके या नई खोज करके उसे आधुनिक बताते हैं, वह हज़ारों वर्ष पूर्व से ही हमारे शास्त्रों में वर्णित है। विडंबना यह है कि वर्तमान पीढ़ी इससे विमुख हो गई परिणामतः उनकी सहज शिक्षा असहज होती गई। और इसका उन्होंने कई प्रमाण भी दिया, जो वास्तव में बहुत ही रोचक और अकल्पनीय था। आगे उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षण के क्षेत्र में हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से है, जो विद्यार्थी जिस क्षेत्र में रुचि रखता है, हमें उसी क्षेत्र में उसे सह देनी चाहिए, ताकि वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सके।

योग प्रशिक्षकों की भर्ती निरस्त

बलौदाबाजार। जिला आयुर्वेद अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा विभिन्न आयुर्वेद औषधालयों में योग प्रशिक्षकों के 14 रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त भर्ती प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। जानकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.एल.एस.ध्रुव ने दी है।

कार्यालय नगर पालिक परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक/...../लोक कर्म/निविदा आमंत्रण/2023 कुम्हारी दिनांक...../......./2023

नगर पालिक परिषद कुम्हारी हेतु निम्नानुसार कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयक ठेकेदारों से निविदा फार्म A में एस.ओ.आर. लोक निर्माण विभाग प्रचलित दर अनुसूची 01.01.2015 भवन एवं सड़ के आधार में कम या अधिक दर पर कवेल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 09.08.2023 सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि 11.08.2023 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 21.08.2023 सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि 22.08.2023 प्रातः 11.00 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)
1	नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न कार्य (कुल 4 कार्य)	54.28

नियम एवं शर्तें:- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों का शुभारंभ

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के सिहावा विधानसभा के ग्राम सांकरा में सीएसएस प्रधानमंत्री किसान समृद्धि समृद्धि केंद्र के उद्घाटन पर पहुंचे भाजपा के कार्यकर्ता। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुना और किसान प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, मंडल महामंत्री राजेश गोसाई, मंडल कोषाध्यक्ष महेश साहू, किसान मोर्चा जिला महामंत्री जन्मेजय साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुलोचना साहू, पवन साहू, गिरवर भंडारी, हेमलता साहू, भूनेश्वर साहू, बलिराम साहू, गोवर्धन साहू, रामलाल साहू, कन्हैया निर्मलकार, डायमंड निर्मलकार, जितेंद्र साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता, धनेश्वर कश्यप व किसान उपस्थित रहे।

पोट्ठ लइका अभियान अंतर्गत किया गया बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। अनुविभाग बेमेतरा में आज गुरुवार को पोट्ठ लइका अभियान अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों का डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल बेमेतरा में चेकअप कराया गया। जिसमें 14 बच्चों का जांच कराया गया। शिविर का आयोजन एसडीएम बेमेतरा सुरुचि के निर्देश और उपस्थिति में हुआ, जिसमें ब्लड टेस्ट, एक्सरे एवं अन्य जांच तथा दवाइयों का वितरण निःशुल्क किया गया। जांच में एक बच्चा दिमागी हालत से ठीक नहीं है तथा 2 बच्चे (सेरेब्रल पाल्सी) के मरीज पाए गए।

बाकी अन्य बच्चों में खून की कमी पाई गई और गर्भावस्था से ही कुपोषित होना पाया गया। प्रत्येक बच्चे का अलग-अलग फाइल तैयार की जाएगी और उनको फॉलोअप की जाएगी। सभी बच्चें परियोजना अधिकारी श्रीमती लीना दीवान, सभी सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी

कार्यकर्ता के नेतृत्व में अपने पालक के साथ डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल आए थे। बच्चों को लाने ले जाने में विकास खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी का भी विशेष सहयोग रहा। इसका रूट चार्ट महिला एवं बाल विकास विभाग ने तैयार किया था।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के पुत्र का सही व पूरा नाम रुद्रांश कृष्ण सोनी है परंतु मेरे पक्षकार के पुत्र के प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों में रुद्रांश के. सोनी दर्ज है। जो कि संक्षिप्त नाम है।

कि मेरा पक्षकार अपने पुत्र के संक्षिप्त नाम को सुधार कर अफने पत्रका पूरा नाम रुद्रांश कृष्ण सोनी करना चाहता है। चूंकि मेरे पक्षकार एवं उसके पिता का सही व पूरा नाम रुद्रांश कृष्ण सोनी है। अतः इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार को उनका एवं उसके पिता का सही नाम रुद्राश कृष्ण सोनी पिता श्री गौरीशंकर प्रसाद से लिखा पढ़ा व जाना जावेगा।

तदानुसार सूचना जाने
स्थान दुर्ग छ.ग.
दिनांक 27.7.23

अधिवक्ता
संजीव मिश्रा
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो.नं. 8435051033

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग

मामला क्रमांक/............./अ-6 (अ)/2022-23

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिल्पी सौरभ पिता चम्पेश्वर साकिन गुढ़ियारी रोड रायपुर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम अरसनारा प.ह.नं. 09 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा नं. 85/2 कुल रकबा 1.1700 हे. भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या ऊजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 11.08.23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या ऊजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.07.23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय में पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

Public Works Department
Sector-19, North Block Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail:tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No. 256/TC/EinC/PWD/2023-24 Dated 18.07.2023

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids on electronic tendering system under RCPLWE RRP-III in the district of RAJNANDGAON, KONDAGAON & Kanker for construction of 03 Roads & 10 Bridges with estimated cost amounting Rs. 4326.81 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh, Non registered bidders may submit bid: however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registation System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 21.07.2023 and may be submitted up to 17.00 Hrs. on 11.08.2023.

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above website with nominal fee of Rs. 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4,4 B (c) to Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.) 492002 as per provisions of bid document through Speed/Registered post, failing which the bids shall be declared non-reponsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

G-03710/4

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

नांदगांव में बीजेपी लगा चुकी है जीत की हैट्रिक

कांग्रेस लगातार 3 बार हार चुकी है विस चुनाव

रमेश निवल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की एक विधान सभा सीट ऐसी है जहां पर भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगा चुकी है। ऐसे में उस सीट पर कांग्रेस पिछले 15 सालों से बस हार रही है। इस सीट पर कांग्रेस नम्बर दो पर रही है। यहां पर केवल भाजपा का डंका बजता रहा है। हम बात कर रहे है राजनांदगांव विधानसभा सीट की। इस विधानसभा सीट पर कांग्रेस जीत के सभी पैमाने आजमा लिए मगर कोई युक्ति काम न आई। छत्तीसगढ़ में संस्कारधानी के नाम से पहचाना जाने वाला राजनांदगांव 15 वर्षों तक सत्ता का केंद्र बिंदु बना रहा। भाजपा शासनकाल में डॉ. रमन सिंह पहले पांच वर्ष तक इसी जिले के डोंगरगांव से विधायक रहे। उसके बाद से दो कार्यकाल उन्होंने राजनांदगांव से विधायक रहते मुख्यमंत्री के रूप में शासन का नेतृत्व किया। वर्ष 2018 के चुनाव में डॉ. रमन के सामने कांग्रेस ने भाजपा से आई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करूणा शुक्ला को मैदान में उतारा था। उन्होंने टक्कर कड़ी दी थी। 2013 में रमन सिंह 35866 से मतों से जीते थे, लेकिन पिछली बार जीत का अंतर मात्र 16933 हजार ही रह गया था। अब करूणा शुक्ला का देहावसान हो चुका है।

2008 से राजनांदगांव भाजपा का गढ़

साल 2008 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री रहे डॉ रमन सिंह राजनांदगांव से विधायक चुने गए। इसके बाद से लेकर तीन कार्यकाल अर्थात 2008, 2013 और 2018 में यहां से भाजपा का एकतरफा कब्जा रहा है। 2013 के विधानसभा चुनाव में डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवार और उदय मुदलियार की पत्नी अलका उदय मुदलियार को 35 हजार 866 वोटों से करारी शिकस्त दी। हालांकि 2018 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली करुणा शुक्ला ने डॉ रमन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन भाजपा के इस किले को वह भी भेद नहीं सकीं। 2018 विधानसभा चुनाव में 16,933 वोटों के अंतर से करुणा शुक्ला को हराकर डॉ रमन सिंह विधायक चुने गए।

डॉ. रमन सिंह का कोई तोड़ नहीं

राजनांदगांव सीट से लगातार तीसरी बार विधायक डा. रमन सिंह को लोग चौथी बार भी अपने नेता के रूप में देखना पसंद कर रहे हैं। चुनाव में लगभग चार माह ही शेष है। चौराहों पर होने वाली चर्चाओं में डा. रमन का नाम पहली पंक्ति में लिया जा रहा है। सत्ता किसकी भी आए, लोग रमन को ही विधायक बनाना चाहते हैं। इसे लेकर भाजपा संगठन में भी एकराय है। वैसे कई नए दावेदार भी हैं, जिनमें नीलू शर्मा और पूर्व सांसद व मेयर मधुसुधन यादव का नाम शामिल हैं।

कांग्रेस का एक ही परिवार पर रहा भरोसा

राजनांदगांव सीट पर कांग्रेस ने एक ही परिवार पर भरोसा कायम रखा। 1993 से मुदलियार परिवार इस सीट पर चुनाव लड़ते आ रहा। इस दौरान दो बार ऐसा आया जब यहां कांग्रेस जीतने में कामयाब रही। इसके बाद 2008 से लगातार पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह इस सीट पर चुनाव जीत रहे। 2018 में जब सीएम भूपेश बघेल तब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष थे। उन्होंने इस सीट को करीब से देखा व जाना। इसके बाद कांग्रेस मुदलियार परिवार से बाहर निकल कर दिवंगत करूणा शुक्ला को प्रत्याशी बनाया, उन्होंने जीत नसीब नहीं हुई, पर डॉ. रमन सिंह को कड़ी टक्कर दी।

मेयर हेमा समेत ये प्रमुख दावेदार

2023 विधानसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस से वर्तमान में महापौर हेमा देशमुख सबसे प्रमुख व सशक्त दावेदार हैं। इसके अलावा निखिल द्विवेदी और जितेंद्र मुदलियार भी दावेदारी कर रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस व बीजेपी के बीच ही सीधा मुकाबला होने के आसार है। यहां किसी तीसरे दल की कोई गुजाइंश भी नहीं दिख रही। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) का कोई जनाधार नहीं है। दिल्ली व पंजाब के बाद अन्य राज्यों में जमीन तलाशने में लगी आम आदमी पार्टी के लिए भी वर्तमान में यहां कोई संभावना नहीं दिख रही।

1993 से 2008 तक कांग्रेस और भाजपा में कड़ी टक्कर

साल 1993 के विधानसभा चुनाव में राजनांदगांव से कांग्रेस के युवा नेता उदय मुदलियार विधायक चुने गए। साल 1993 से 1998 तक वह इस सीट से विधायक रहे। 1998 के विधानसभा चुनाव में यहां एक बार फिर कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। भाजपा के लीलाराम भोजवानी ने उदय मुदलियार को पटखनी देकर इस सीट पर कब्जा किया और वह 2003 तक विधायक रहे, लेकिन नए राज्य बनने के बाद पहले विधानसभा चुनाव 2003 में हुए। इस बार कांग्रेस के उदय मुदलियार ने फिर कमबैक किया। 2003 विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर मुदलियार 2008 तक विधायक बने रहे।

राजनांदगांव विधानसभा सीट का चुनावी इतिहास

राजनांदगांव विधानसभा सीट से सबसे पहले 1967 में कांग्रेस से किशोरीलाल शुक्ला विधायक चुने गए। अगले विधानसभा चुनाव 1972 में किशोरीलाल ने इस सीट पर अपना दबदबा कायम रखा, लेकिन आपातकाल से उपजे सत्ता विरोधी लहर में कांग्रेस का यह किला ढह गया। विधानसभा चुनाव 1977 में जनता दल के ठाकुर दरबार सिंह ने किशोरीलाल शुक्ला को हराकर राजनांदगांव विधानसभा सीट पर अपना कब्जा कायम किया। 1980 में हुए विधानसभा चुनाव में फिर किशोरीलाल शुक्ला निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए यहां से विधायक चुने गए। इसके बाद साल 1985 में कांग्रेस से बलबीर खानुजा और 1990 में भाजपा के लीलाराम भोजवानी विधायक चुने गए। 1990 में भाजपा ने पहली बार इस सीट पर जीत हासिल की।

जनघोषणा पत्र के 36 में 34 वादे पूरे होने के कांग्रेसी दावों को बताया झूठ

- बीजेपी ने कहा; उपमुख्यमंत्री सिंहदेव कहते हैं 12 वादे पूरे हुए,12 पर काम चल रहा,12 छुए नहीं
- कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि जन घोषणा पत्र के 36 में से 34 वादे पूरे कर दिए

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी ने कांग्रेस जान घोषणा पत्र में पुरे किये गए वादों को लेकर भूपेश सरकार पर कटाक्ष किया है। नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल ने तंज कस्ते हुए कहा है कि कांग्रेस में कार्य करने या सच बोलने में कभी एक राय तो रही नहीं। अब अंतर्कलह इतनी बढ़ गई है कि झूठ बोलने में भी इनमें सामंजस्य नहीं है। कल कांग्रेस ने प्रेस वार्ता लेकर बताया उन्होंने जन घोषणा पत्र के 36 में से 34 वादे पूरे कर दिए हैं। अभी कुछ दिनों पहले विधानसभा सत्र के दौरान एक पत्रकार को इंटरव्यू देते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने 12 वादे पूरे किए हैं 12पर कार्य हो रहा है और 12 हमने नहीं छुआ है।

कांग्रेसियों को मेरी राय है कि कम से कम झूठ बोलने के मामले में एक राय होकर बयान दे। क्योंकि जन घोषणापत्र की सच्चाई तो जनता जानती है कि शराबबंदी की बात करें, संपत्ति कर आधा करने की बात करें, गजराज परियोजना की बात करें या और भी विभिन्न बात करें वह पूरे नहीं हुए हैं।

भाजपा का दावा 5 साल की मासूम से हुआ है गैंगरेप

रायपुर/नवप्रदेश। सुकमा में 5 साल की बच्ची से रेप मामले में भारतीय जनता पार्टी ने नया दावा किया है। भाजपा की महिला विधायक रंजना साहू के नेतृत्व में बनाए गए जांच दल ने घटनास्थल का मुआयना किया। बच्चियों से बातचीत की। रायपुर लौटकर विधायक रंजना साहू ने कहा है कि वहां बच्ची के साथ रेप नहीं बल्कि गैंगरेप हुआ है। रंजना साहू ने बताया कि हमने हॉस्टल की बच्चियों से बात की तो पता चला रात के वक्त वहां पुरुषों का आना जाना लगा रहता था। बच्ची की जो हालत है, हमें लगता है कि इस वजह यह गैंगरेप का मामला हो सकता है। इसकी नए सिरे से जांच होनी चाहिए। दूसरी तरफ गुरुवार को ही सुकमा की पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। यह हॉस्टल की ही महिला चपरासी का पति है। एक शख्स की गिरफ्तारी को भाजपा के जांच दल ने सिर्फ खानापूर्ति की कार्रवाई बताया है। रंजना साहू ने रायपुर के भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा- वहां जो हालात है उसे देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। जहां घटना हुई वहां से 2 किलोमीटर दूर सरकार के मंत्री उद्घाटन का फीता काट रहे थे। बच्ची या उसके परिवार के पास हालचाल लेने कोई नहीं गया। वह बच्ची दर्द में है, वॉशरूम तक नहीं जा पा रही। (यह बताते हुए विधायक रंजना का गला भर आया वह कुछ सेकंड रुक गईं) रंजना साहू ने आगे कहा कि वहां इतनी दरिंदगी हुई है, बच्ची का जो हाल है मैं बोल नहीं सकती।

भाजपा जांच दल ने लगाया यह आरोप

भाजपा के जांच दल में विधायक रंजना के अलावा पूर्व मंत्री लता उसेंडी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत भी थीं। जांच दल के मुताबिक पहले से ही प्लानिंग थी कि जांच दल हॉस्टल के भीतर ना जा पाए, बच्चियों से बात करने नहीं दिया जा रहा था। बवाल के बाद जैसे तैसे बच्चियों से महिलाओं ने अकेले में बात की।

हास्टल में बाहरी लोगो का था आना जाना

आदिवासी बच्चियों के हॉस्टल में बाहरी पुरुषों का आना जाना था, इस पर किसी की निगरानी नहीं होती थी। हॉस्टल में कैमरा नहीं है। कोविड-19 के समय से हॉस्टल में कैमरे लगाने की मांग कलेक्टर से की गई थी, मगर अब तक कोई कैमरा नहीं लगाया गया और यह घटना हुई। छोटे कमरे में 50 बच्चियों को भर दिया जाता है। रात में उनके साथ एक महिला टीचर के सोने की जिम्मेदारी होती है, मगर बच्चियों को अकेला छोड़ दिया जाता है। उनके साथ कोई महिला टीचर नहीं होती। अब रेप की घटना सामने आने के बाद 30 माता-पिता ने अपनी बच्चियों को वहां से निकाल लिया, पूरे मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया गया। महिला होमगार्ड की तैनाती होनी चाहिए वहां कोई भी महिला गार्ड नहीं है रात में किसी भी महिला की ड्यूटी नहीं होती है।

कांग्रेस ने कहा बीजेपी कर रही राजनीति

बीजेपी विधायक के बयान पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने बीजेपी पर निम्न स्तरीय राजनीति करने का आरोप लगाया है। मणिपुर की घटना से ध्यान भटकाने के लिए छत्तीसगढ़ में घृणित राजनीति की जा रही है। मासूम के साथ हुई घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आश्रम अधीक्षिका पर भी पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। रमन सरकार में झलिया मारी कांड जैसे कई बड़ी घटनाएं हुईं थी। जिस पर कांग्रेस के आंदोलन के बाद एफआईआर दर्ज हुई थी।

बाल-बाल बचे पूर्व सांसद जूदेव और उनका परिवार

- बाला छापर लकड़ी डिपो के पास अज्ञात लोगों ने गाड़ी पर किया पथराव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पूर्व सांसद और राजा रणविजय प्रताप सिंह जूदेव के गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने पत्थराव किया। भाजपा के पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव अपने परिवार के साथ मंगलवार देर रात ओडीशा के राउरकेला से वापस जशपुर आ रहे थे। गनीमत रही कि, राजा रणविजय और परिजनों को कोई नुकसान नहीं हुआ। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

इस दैरान बाला छापर लकड़ी डीपो के पास कुछ लोगों ने इनकी गाड़ी पर पत्थरों से हमला कर दिया। हालांकि, इस हमले में जूदेव और उनके परिजनों को कोई नुकसान नहीं हुआ। वहीं पथराव से उनकी गाड़ी के सामने का कांच टूट गया। इस हमले के बाद पूर्व सांसद ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना में की। मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

'कांग्रेस सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं' : रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा में पहली कक्षा में पढ़ रही 6 साल की बच्ची से रेप की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया। बच्ची घर से दूर पोटाकेबिन में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इस घटना के सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ की राजनीति गरमा गई है। विपक्ष सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन ने कांग्रेस सरकार में बेटियों की सुरक्षा पर सवाल उठाया है तो कांग्रेस इस घटना को मणिपुर से जोड़ने पर आपत्ति जाता रही है। दरअसल बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने रायपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के एफआईआर को दर्ज नहीं किया गया। बच्ची का मेडिकल नहीं कराया गया और अब तक आरोपी को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। इन सवालों के साथ रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में अब बेटियां कतई सुरक्षित नहीं है। बस्तर की बेटियों के साथ इस तरह की अमानवीय घटनाएं हो रही है और उसके बाद भी त्वरीत कार्यवाही नहीं की जा रही है। आज तक इस घटना के आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए है। इसके आगे रमन सिंह ने मणिपुर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यदि अन्य राज्यों में इस तरह की घटना होती तो कांग्रेस इसमें हंगामा मचा कर राजनीति करती। मणिपुर की हिंसा पर राजनीति कर रही प्रदेश सरकार और कांग्रेस के लोगों ने बस्तर की इस अमानवीय घटना पर अब तक मुंह नहीं खोला है। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि इस पूरे मामले में बीजेपी का असंवेदनशील चेहरा सामने आया है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का वादा किया है। उन्होंने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पोटाकेबिन में छात्र के साथ दुष्कर्म हुआ बेहद निंदनीय है। पुलिस को जैसे जानकारी मिली तत्काल कार्रवाई की गई है। आरोपी फरार है उसे पकड़ने के लिए टीम गठित हुई है। पोटा केबिन के अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। शासन की ओर पूरी कार्रवाई की गई है और पीड़िता को न्याय सरकार दिलाएगी।

भाजपा अपने उद्देश्य से भटक गई : साय

गौरेला/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नंदकुमार साय ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया हमने अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज, राजमाता सिंधिया इसके अलावा और भी बड़े-बड़े लोगों के साथ काम किया। गांधी हत्याकांड के बाद लगभग 10 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया। संघ को भी आरोपी बनाने की कोशिश की गई हालांकि नाथूराम गोडसे, नाना आप्टे जिन लोगों ने यह हत्या की थी वह हिंदू महासभा से संबंधित थे संघ से संबंधित नहीं। जनसंघ बना 1975 में इमरजेंसी आ गई लोगों को जेल में डाल दिया गय। उसके बाद जनता पार्टी का उदय हुआ चुनाव लड़े सरकार भी बन गई। प्रधानमंत्री बने मोरारजी देसाई इसी समय से मैं जनता पार्टी में हूं। परंतु वर्तमान में जो वरिष्ठ लोग भारतीय जनता पार्टी में हैं उनके साथ भी वही हो रहा है। भाजपा जिस उद्देश्य से बनाई गई थी वह उद्देश्य से भटक गई है। बीजेपी केवल चुनाव लड़ने वाला दल नहीं था। अब पुराने लोगों को भी कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है। पुराने लोगों का सम्मान नहीं हो रहा है, सम्मान ना भी मिले परंतु अपमान नहीं होना चाहिए। अभी खबरों में आया था वरिष्ठ ननकीराम कंवर अमित शाह के दौरे के दौरान उनसे मिलने गए थे परंतु उन्हें नहीं मिलने दिया उनके साथ और भी कुछ लोग थे। ऐसा सुनने में आया 70 वर्ष एवं 75 वर्ष वालों को पार्टी कोई दायित्व नहीं दिया जाएगा तो मुझे लगा अब यहां कोई अवसर नहीं है। कांग्रेस में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम लोग राम की चर्चा करते हैं। माता कौशल्या की चर्चा करते थे परंतु कार्य कुछ भी नहीं हुए। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार में माता कौशल्या का इतना सुंदर मंदिर बना दिया, राष्ट्रीय रामायण महोत्सव मनाने के लिए बजट रखा। विधानसभा में प्रस्ताव रखकर, नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के माध्यम से सरकार ने कार्य किया। गौठनों का निर्माण कराया ,सरकार राम वन गमन पथ पर कार्य प्रारंभ करने वाली है बस्तर का दंडकारण्य जहां राम का बनवास हुआ उसका भी परीक्षण कर रही है इसे कैसे विकसित किया जा सके।

'शाह को पीएम बना दीजिए' : सिंहदेव



रायपुर/नवप्रदेश। मणिपुर में महिलाओं से दुर्व्यवहार को लेकर पूरे देश में सियासत तेज हो गई है। मणिपुर मुद्दे पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया है। डिप्टी सीएम सिंहदेव ने मणिपुर हिंसा पर पीएम मोदी द्वारा जिम्मेदारी नहीं लेने पर अमित शाह को देश का प्रधानमंत्री बनाने की मांग कर दी। मणिपुर मुद्दे पर चर्चा में सहयोग के लिए गृह मंत्री अमित शाह द्वारा विपक्ष को पत्र लिखने पर सिंहदेव ने कहा, कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। महिलाओं के साथ क्रूर और अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। अगर कार्रवाई एफआइआर होने के 77 दिन बाद शुरू की जाती है, तो जवाबदेह कौन है? पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों को इसके बारे में पता होगा। अगर पीएम मोदी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं तो अमित शाह को प्रधानमंत्री बना दें। फिर अमित शाह जवाब दे सकते हैं।

इससे पहले सिंहदेव ने ट्वीट करके पूछा कि मणिपुर लगभग तीन महीने से क्यों जल रहा है? सामुदायिक नफरत के कारण। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है? प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री 83 दिनों से मौन क्यों हैं? उन्होंने आरोप लगाया मणिपुर हिंसा में भाजपा ने आग में घी डालने का काम किया है और उस आग पर बांटों और राज करो की रोटी सेंक रही है? सिंहदेव ने भाजपा को आज की इस्ट इंडिया कंपनी करार देते हुए कहा कि गरीब से निचोड़कर पूंजीपतियों को देश की संपत्ति बेच रहे हैं। इंडिया से पीएम मोदी बौखला गए हैं।

बीसीसीआई ने जारी किया मार्च 2024 तक का कैलेंडर, 16 इंटरनेशनल मैच खेलेगी भारत

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने 25 जुलाई को मार्च 2024 तक का होम कैलेंडर जारी कर दिया है. इसके अनुसार टीम इंडिया मार्च तक कुल 16 इंटरनेशनल मुकाबले खेलेगी. अपने देश में वनडे विश्व कप की शुरुआत से पहले टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन वनडे मैच की सीरीज खेलेगी. दोनों टीमों के लिए यह सीरीज विश्व कप की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी. अपने घरेलू सीजन में टीम इंडिया कुल 16 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी, जिसमें पांच टेस्ट, तीन वनडे और आठ टी-20 मैच शामिल हैं. साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए टीम इंडिया अफगानिस्तान के खिलाफ जनवरी 2024 में तीन मैच की टी-20 सीरीज खेलेगी. भारतीय टीम वर्ल्डकप 2023 से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ सितंबर में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी. पहला वनडे 22 सितंबर, दूसरा 24 सितंबर और तीसरा 27 सितंबर को खेला जाएगा. वर्ल्डकप खत्म होने के बाद 23 नवंबर से 3 दिसंबर के दौरान भारत घर पर ऑस्ट्रेलिया के साथ 5 टी-20 मुकाबले खेलेगा. 23 नवंबर, 26 नवंबर, 28 नवंबर, 1 दिसंबर और 3 दिसंबर को इन पांच मुकाबलों का आयोजन होगा. इस सीरीज के बाद अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें जनवरी-फरवरी में भारतीय दौरे पर आएंगी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीजः

1. पहला वनडे- 22 सितंबर, दोपहर 1-30 बजे, मोहाली
2. दूसरा वनडे- 24 सितंबर, दोपहर 1-30 बजे, इंदौर
3. तीसरा वनडे- 27 सितंबर, दोपहर 1-30 बजे, राजकोट

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीजः

1. पहला टी20- 23 नवंबर, शाम 7-00 बजे, विजाग
2. दूसरा टी20- 26 नवंबर, शाम 7-00 बजे, तिरुवनंतपुरमङ्घ
3. तीसरा टी20- 28 नवंबर, शाम 7-00 बजे, गुवाहाटी
4. चौथा टी20- 1 दिसंबर, शाम 7-00 बजे, नागपुर
5. पांचवां टी20- 3 दिसंबर, शाम 7-00 बजे, हैदराबाद

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20-

1. पहला टी20- 11 जनवरी, मोहाली
2. दूसरा टी20- 14 जनवरी, इंदौर
3. तीसरा टी20- 17 जनवरी, बेंगलुरु

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीजः

1. पहला टेस्ट- 25-29 जनवरी, हैदराबाद
2. दूसरा टेस्ट- 2-6 फरवरी, विजाग
3. तीसरा टेस्ट- 15-19 फरवरी, राजकोट
4. चौथा टेस्ट : 23-27 फरवरी रांची
5. पांचवां टेस्ट : 7-11 मार्च धर्मशाला

आईसीसी से हरमनप्रीत को लगा झटका, खराब व्यवहार के चलते कौर 2 मैच के लिए बैन

नई दिल्ली। अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाली वीमेंस टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को आईसीसी से बड़ा झटका लगा हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट कांउसिल ने कौर को 2 इंटरनेशनल मैचों के लिए बैन कर दिया हैं. दरअसल बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में खराब व्यवहार और अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठाने के लिए टीम इंडिया के कप्तान को 2 इंटरनेशनल मैचों के लिए बैन कर दिया गया है. ऐसे में अब कप्तान आने वाले दो मैचों में टीम के लिए खेलती हुई नजर नहीं आयेगी. खिलाड़ी ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में आउट होने के बाद गुस्से में अपना बल्ला विकेट पर मारा दिया था. साथ ही उन्होंने मैच खत्म होने के बाद अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठाए. जिसपर अब आईसीसी ने बड़ा एक्शन लिया है. आईसीसी ने हरमनप्रीत कौर को 2 इंटरनेशनल मैचों के लिए बैन कर दिया.भारतीय महिला क्रिकेट टीम हाल में ही बांग्लादेश के दौरे पर थी. वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले के दौरान हुई घटनों के लिए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर पर बैन लगाया गया है. यह मुकाबला पिछले हफ्ते शनिवार को खेला गया था. हरमनप्रीत कौर पर अंतर्राष्ट्रीय मैच में होने वाली घटना के संबंध में सार्वजनिक आलोचना से संबंधित लेवल 1 के अपराध के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया था।

मनिका ने रीथ को हराकर यूटीटी में चौथी जीत दर्ज की

पुणे। भारत की सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में मंगलवार को टी रीथ रिशिया को 3-0 से हराया।

बेंगलुरु स्मैशर्स की तरफ से खेल रही मनिका बत्रा ने गोवा चैलेंजर्स की रीथ की एक नहीं चलने दी और इस सत्र में एकल में लगातार चौथी जीत दर्ज की। मनिका ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने पहला गेम 11-4 से अपने नाम किया और इसके बाद भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए अगले दो गेम 11-5 और 11-7 से जीते। इससे पहले स्मैशर्स के किरिल गेरासिमेंको ने विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता अल्वारो रोबल्स को 2-

शतरंजः भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे गुकेश, हंपी

बाकू (अजरबेजान)। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञाननंदा 30 जुलाई से 24 अगस्त तक यहां होने वाले शतरंज विश्व कप में चुनौती पेश करेंगे।

पुरुष और महिला खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता से 2024 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट (विश्व शतरंज चैंपियनशिप का चैलेंजर तय करने वाला टूर्नामेंट) के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। सत्रह साल के खिलाड़ियों गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों को पहले दौर में बाई मिली है और वे सीधे दूसरे दौर में उतरेंगे। गुकेश अपने अभियान की शुरुआत चेंग बॉबी और इस्कांद्रोव मिस्त्रादिन के बीच होने वाले मैच के विजेता के खिलाफ करेंगे। गुकेश को तीसरे दौर में हमवतन एसएल नारायणन से भिड़ना पड़ सकता है बशर्ते वह अपने शुरुआती दो दौर के मुकाबले जीतने में सफल रहें। प्रज्ञाननंदा दूसरे दौर में सेंटियागो डि मोरा और मैक्सिम लगार्डे के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले अन्य भारतीयों में अर्जुन एरिगेसी, विदित संतोष गुजराती, निहाल सरीन, बी अधिबान, अभिमन्यु पुराणिक और हर्षा भरतकोटि शामिल हैं। महिला टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई अनुभवी कोनेरू हंपी और डी हरिका करेंगी।

इन दोनों को भी पहले दौर में बाई मिली है।प्रज्ञाननंदा की बहन आर वैशाली, मैरी आन गोम्स, पीवी नंधिधा और दिव्या देशमुख भी महिला टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। विश्व कप 2023 के जरिए शीर्ष दो की जगह शीर्ष तीन खिलाड़ियों को अगले साल अप्रैल में कनाडा के टोरंटो में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन की नजरें पहली बार विश्व कप जीतने पर टिकी होंगी। मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे। कार्लसन के अलावा इयान नेपोमनियाची, फाबियानो करूआना, हिकारू नाकामूरा, अनीष गिरी, वेस्ली सो और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के अलावा मेजबान अजरबेजान के दिग्गज तेमूर रादजाबोव और शखरियार मामेदयारोव तथा गत चैंपियन पोलैंड के यान क्रिस्टोफ डुडा हिस्सा लेंगे।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र : सभी कार्यालयों में कस्टमर कनेक्ट एंड आउटरीच का आयोजन

चंडीगढ़। देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 24 जुलाई, 2023 को पूरे देश में अपनी सभी शाखाओं और आंचलिक कार्यालयों में ग्राहक कनेक्ट और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। मुकेश उपाध्याय, आंचलिक प्रबंधक एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, चंडीगढ़ जोन के डिप्टी जोनल मैनेजर अभिषेक बिंदल ने सभी ग्राहकों के विश्वास और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचने और बैंक द्वारा पेश किए गए विभिन्न बैंकिंग उत्पादों के बारे में उनकी जागरूकता बढ़ाने के लिए बैंक द्वारा एक सक्रिय पहल थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुकेश उपाध्याय, आंचलिक प्रबंधक ने कहा कि कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य बैंक और

उसके ग्राहकों के बीच बेहतर संबंध को बढ़ावा देना, विचारों का आदान-प्रदान करना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, ग्राहकों की शिकायतों का समाधान करना और बैंक की सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिक्रिया एकत्र करना है।

मुकेश उपाध्याय, आंचलिक प्रबंधक ने इस बात पर जोर दिया कि खुदरा विकास को समर्थन देने के लिए, बैंक ने आवास और कार ऋण के लिए प्रसंस्करण शुल्क माफ करने, कोई पूर्व-भुगतान / पूर्व-बंद / आंशिक भुगतान शुल्क नहीं लेने, महिला उधारकर्ताओं और रक्षा कर्मियों के लिए अतिरिक्त रियायत की पेशकश जैसे कई उपाय लागू किए हैं। बैंक ने एमएसएमई को मजबूत करने के लिए अनुरूप उत्पाद भी पेश किए हैं और मौजूदा एमएसएमई के लिए परेशानी मुक्त बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए सह-उधार और डिजिटल ऋण उपायों को लागू किया है। कार्यक्रम के दौरान, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि बैंक का ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण हाल के वर्षों में इसके विकास में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक रहा है।

पाकिस्तान की बिस्माह माहरूफ भी एशियाई खेलों से बाहर

करार्ची। आयशा नसीम के समय से पहले संन्यास के बाद पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम को एक और झटका लगा जब पूर्व कप्तान बिस्माह माहरूफ 'बच्चों के साथ यात्रा नहीं करने' की एशियाई खेलों की नीति के कारण इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता से हट गई। पाकिस्तान ने इस तरह आगामी खेलों के लिए अपनी दो शीर्ष खिलाड़ियों को गंवा दिया।आयोजकों ने प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों को खेलों के लिए अपने बच्चों के साथ यात्रा करने की स्वीकृति देने से इनकार कर दिया है जिसके बाद बिस्माह ने एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के महिला क्रिकेट प्रकोष्ठ की प्रमुख तानिया मलिक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि टीम को एशियाई खेलों में बिस्माह की सेवाएं नहीं मिलेंगी।तानिया ने पुष्टि की कि बिस्माह को टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह नियमों के काण खेल गांव में अपनी बेटी के साथ नहीं जा पाएंगी।इससे पहले 18 साल की ऑलराउंडर आयशा ने पीसीबी के सूचित किया कि वह निजी कारणों से क्रिकेट छोड़ रही हैं।एशियाई खेलों से पहले पाकिस्तान की महिला टीम कराची में एक से 14 सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा) मैच खेलेगी। पाकिस्तान ने 2010 में चीन के ग्वांगझू और 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में पिछले दो एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीते हैं।

फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ने रायपुर में शुरू की अपनी पहली शाखा

रायपुर/नवप्रदेश। समावेशी बैंकिंग के हाई-टच हाई-टेक मॉडल के लिए प्रसिद्ध फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ने जीवंत शहर रायपुर में अपने नवीनतम बैंकिंग आउटलेट के लॉन्च की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ भारत में सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक है और रायपुर कारोबार के लिहाज से एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्र है, जो उद्यमियों और उद्यमों के लिए जबरदस्त अवसर प्रदान करता है। बैक के लिए अपने फुटप्रिंट का विस्तार करने और बड़े पैमाने पर ग्रामीण और समृद्ध ग्राहकों की बैंकिंग संबंधी विविध आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। व्यापक बैंकिंग सेवाओं के साथ समुदायों को सशक्त बनाने की बैंक की यात्रा के लिहाज से भी यह एक बड़ा कदम है।

फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक का रायपुर में विस्तार वित्तीय समावेशन और व्यक्तिगत बैंकिंग को बढ़ावा देने के उसके मिशन को आगे बढ़ाता है। इस लॉन्च के साथ,

बैंक का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों के लिए आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच और उपलब्धता में अंतर को दूर करना है।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर-नॉर्थ एंड पार्टनरशिप बिजनेस, रूरल बैंकिंग और हैड-इंस्टीट्यूशनल फाइनेंस श्री वीरेंद्र शर्मा ने कहा, ''रायपुर में अपने बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए हम रोमांचित अनुभव कर रहे हैं। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए हमारी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि हमारे ग्राहकों को उनकी अनूठी आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम श्रेणी की बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। हम रायपुर में इस यात्रा को शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। साथ ही हम समुदायों के साथ अपने रिश्तों को आगे बढ़ाने और क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि में योगदान देते हुए लंबे समय तक चलने वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं।''

रायपुर में नया लॉन्च किया गया बैंकिंग आउटलेट बचत खाते, सावधि जमा, ऋण के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग समाधानों से लेकर वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक व्यापक रेंज पेश करेगा। यह ऐसी रेंज है जो बैंकिंग को सरल बनाने और ग्राहकों के लिए सुविधा बढ़ाने के लिहाज से डिज़ाइन की गई है। फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ने इस नए अध्याय की शुरुआत करने के साथ ही लोगों और परिवारों के साथ-साथ रायपुर के छोटे उद्यमों के लिए भी एक विश्वसनीय वित्तीय भागीदार बनने और उन्हें एक सुखद बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

दुनिया का सबसे बड़ा निजी संचार उपग्रह लॉन्चिंग के लिए तैयार

न्यूयॉर्क। दुनिया का सबसे बड़ा निजी संचार उपग्रह ज्यूपिटर 3 भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह लॉन्च किया जाएगा। मैक्सर टेक्नोलॉजीज द्वारा निर्मित ह्यूजेस नेटवर्क सिस्टम्स का ज्यूपिटर 3 एक अति उच्च घनत्व वाला उपग्रह है जिसे स्पेसएक्स के फाल्कन हेवी रॉकेट से स्थानीय समय के अनुसार बुधवार रात 11.04 बजे (भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 8.34 बजे) फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से लॉन्च किया जाएगा। शक्तिशाली भूस्थैतिक उपग्रह पृथ्वी की भूमध्य रेखा से 22,300 मील ऊपर स्थित होगा। ज्यूपिटर 3 को पूरे उत्तर और दक्षिण अमेरिका में ग्राहकों को गीगाबाइट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, पूरी तरह से खुलने पर

जुपिटर 3 का आकार विमान के दोनों विंग्स के सिरों के बीच की दूरी के बराबर होगा। यह अब तक का सबसे बड़ा वाणिज्यिक संचार उपग्रह है। जुपिटर 3 के शामिल होने क बाद जुपिटर 3 ह्यूजेस के जुपिटर उपग्रह बेड़े की क्षमता को दोगुना कर देगा। यह उत्तर और दक्षिण अमेरिका में सैटेलाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी के अलावा, इन-फ्लाइट वाई-फाई, समुद्री कनेक्शन, एंटरप्राइज नेटवर्क, मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर्स (एमएनओ) के लिए बैकहॉल और सामुदायिक वाई-फाई समाधान का भी समर्थन करेगा। शक्तिशाली उपग्रह में लगभग 14 उच्च शक्ति वाले सौर पैनल हैं जो जुपिटर 3 को उसके पूरे जीवनकाल (लगभग 15 वर्ष) के लिए ऊर्जा प्रदान करने के लिए सूर्य से ऊर्जा लेंगे। इस बीच, स्पेसएक्स ने कहा कि उसकी टीम रॉकेट लॉन्च करने के लिए तैयार है। एलन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनी ने ट्विटर पर लिखा, टीमों ने लॉन्च की तैयारी की समीक्षा पूरी कर ली है, और हम फ्लोरिडा में लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से उपग्रह के लिए बुधवार को लक्ष्य बना रहे हैं।

सोना, चांदी में फिर आई तेजी

नई दिल्ली। अमेरिकी केंद्रीय बैंक यूएस फेड ने बुधवार को प्रमुख ब्याज दरों में इजाफा कर दिया। यूएस फेड ने ब्याज दरों में 0.25 फीसदी का इजाफा किया। यूएस फेड के इस फैसले के बावजूद गुरुवार को सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। वैश्विक बाजारों में सोने के दाम बढ़त के साथ ट्रेड करते दिखे। घरेलू वायदा बाजार में भी सोने के दाम) गुरुवार सुबह बढ़त के साथ ट्रेड करते दिखे। वहीं, चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में भारी तेजी देखने को मिली है। आइए जानते हैं कि आज घरेलू और वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के क्या दाम हैं। सोने की कीमतों में गुरुवार सुबह तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 4 अगस्त 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.16 फीसदी या 98 रुपये की बढ़त के साथ 59,559 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, 5 अक्टूबर 2023 की डिलीवरी वाला सोना इस समय 0.22 फीसदी या 134 रुपये की बढ़त के साथ 60,044 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा।

सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर गुरुवार सुबह 5 सितंबर 2023 की डिलीवरी वाली चांदी 0.71 फीसदी या 536 रुपये की बढ़त के साथ 75,860 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी।

■ न्यूज गैलरी

नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर संभाग में स्टॉप नर्स के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने महिला आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सीमा साहू 27 वर्ष तरूण नगर पंडरी की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपिया गीता मिश्रा ने प्रार्थिया को बिलासपुर संभाग में स्टॉप नर्स के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 4 लाख रुपए ऐंठ लिया। जब नौकरी नहीं लगी, तो प्रार्थिया ने इसकी शिकायत मोवा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अधेड़ महिला से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। बीएसयूपी कालोनी कचना में मामूली बात पर एक युवक ने अधेड़ महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रजनी दीप 50 वर्ष बीएसयूपी कालोनी कचना की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी रमेश महानंद खाली जगह पर खंबा गड़ा रहा था। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गली में खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। आशीर्वाद टॉवर गली में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मिलनराम सोनकर 40 वर्ष भाठागांव पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीवी 4946 को आशीर्वाद टावर गली में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

एटीएम मशीन में तोडफोड़, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। विजय चौक चंगोराभाठा स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम मशीन को अज्ञात व्यक्ति ने तोडफ़ोड़ कर नुकसान पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरविंद कुमार 26 वर्ष वीआईपी कालोनी मेटल पार्क बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने विजय चौक चंगोराभाठा स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम मशीन में प्रवेश कर तोडफ़ोड़ कर नुकसान पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

खालबाड़ा सड्डू में युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। खालबाड़ा सड्डू में मामूली बात पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रजन सांडी 23 वर्ष खालबाड़ा सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी रोहित यादव प्रार्थी के घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सट्टा खिलाते अधेड़ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टा खिलाते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नकदी 1420 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचन मिली कि सिरपुर भवन के पास एक व्यक्ति सट्टा खिला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मनोहर देवदास 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1420 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आजाद चौक पुलिस ने लाखेनगर चौक के पास गांजा खपाने के लिए ग्राहक तलाशते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 किलो 500 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर पुलिस के टीम ने लाखेनगर चौक के पास पहुंचकर आरोपी बबलू प्रसाद 21 वर्ष व श्रवण कुमार प्रजापति 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से बैग में रखे 6 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मोबाइल फोन लुटने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

रायपुर/नवप्रदेश। राह चलते युवक से मोबाइल की लूटपाट करने वाले आरोपी को गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी विनोद राव भोसले ने थाना गंज थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी 15 जनवरी की शाम अपने घर से देवेन्द्र नगर सेक्टर 03 तक पैदल जा रहा था। इसी दौरान उसका फोन आया तो वह बातचीत करते हुए आगे बढ़ रहा था। उसी समय प्रार्थी के पीछे से एक अज्ञात व्यक्ति आकर उसे धक्का मारकर उसके हाथ में रखे मोबाईल फोन को छीनकर लूट कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 250/23 धारा 394 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाला और मुखबीर भी लगाया। पुलिस को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा देवेन्द्र नगर निवासी भारत यादव की पतासाजी कर पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने भारत यादव द्वारा लूट की उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया।

निर्माणाधीन मकान से लोहा चोरी, 3 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। निर्माणाधीन मकान से लोहे की सरिया और कीमती सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को तेलीबांधा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल शाम सूचना मिली कि जीवन वीहार कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन मकान से दोपहिया वाहन में सवार तीन अज्ञात व्यक्ति मकान का लोहा चोरी कर ले जा रहे है। जिस पर थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों एवं वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम प्रदुम यादव, शिव साहू एवं कोमल साहू होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा तीनों के पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में 06 नग सेटिंग का लोहे का पाईप रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा तीनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा लोहे के पाईप को चोरी का होना बताया। पकड़े गए आरोपियों में प्रदुम यादव पिता मनहरण यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम निवासपुर थाना मुंगेली जिला मुंगेली हाल लाभांडी बजरंग चौक झुग्गी झोपड़ी थाना तेलीबांधा, शिव साहू पिता रतन साहू उम्र 22 साल निवासी ग्राम तुलसी थाना खरोरा जिला रायपुर हाल मिनोचा पेट्रोल पम्प के सामने साईट पर थाना तेलीबांधा तथा कोमल साहू पिता खेल साहू उम्र 20 साल निवासी ग्राम छेरकापुर थाना पलारी जिला बलौदाबाजार हाल मिनोचा पेट्रोल पम्प के सामने साईट पर थाना तेलीबांधा शामिल है।

पक्की सड़क खोदकर बिछाए पाइप लाइन, मिट्टी डालकर छोड़ा

■ **चारों ओर कीचड़, ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी**

नवागढ़/नवप्रदेश। जनपद नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत अकोली में नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया है। इस कार्य में पीएचई के ठेकेदार ने बेतरतीब तरीके से पक्की सड़कें खोद दी और पाईप लाइन बिछाकर मिट्टी से गड्ढे को भर भी दिया, लेकिन आज तक इस पर पुनः कांक्रीट नहीं किया गया है। इससे गांव के लोगों को बारिश में आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पंचायत ने लंबे समय में गांव के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड बनवाए हैं, लेकिन पीएचई विभाग की अनदेखी के चलते ठेकेदार ने जहां मन आया, वहां से सड़क खोद दी। बाद में मिट्टी भरकर रोड पर छोड़ दिया। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। जगह-जगह कीचड़ एवं पानी भरे हुए हैं।

3 माह बाद भी काम अधूरा

गांव के गुरमुख सिंह भार्गव, रोहित निषाद, रामसिंह घृतलहरे ने बताया नल जल योजना में ठेकेदार द्वारा मनमानी से काम किया जा रहा है। उसने पूरे गांव में पाइप दबाने के लिए सीसी रोड के बीचों बीच 3-4 फिट गड्ढे खोदे फिर पाइपलाइन डालने के बाद मिट्टी भरकर जस कथा छोड़ दिया आज इस काम को हुए 3 महीने हो रहे हैं लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़क पर पुनः कांक्रीट करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

बर्बाद हो गई सीसीरोड

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के महामाया मंदिर से सतनामी पारा, महामाया मन्दिर से मण्डल पारा, महामाया से तालाब, लोहार पारा, आबादी पारा एवं केंवट पारा सहित अन्य मोहल्ले में बेतरतीब तरीके से सीसी रोड खोद दिए। जिससे कंक्रीट की सड़क पूरी तरह बर्बाद हो गई अब गांव में चारों ओर कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है।

‘नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़के को दी गई थी अभी तक उनमें पुनः कांक्रीटीकरण नहीं किया गया है। गांव वालों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत की गई है जल्द कांक्रीटीकरण का आश्वासन मिला है।’

प्रेमकुमार नवरंग, सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत अकोली

‘नल जल योजना मोदी सरकार की हर घर जल पहुंचाने की महती योजना है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के कमीशनखोरी के चलते ठेकेदार मनमानी पूर्वक काम कर रहे हैं। या स्थिति गांव-गांव में नजर आती है। काम का सारा पैसा तो नेताओं की जेब में चला जाता है तो ठेकेदार से उम्मीद भी क्या कर सकते हैं।’

मधु रॉय, जिला महामंत्री महिला मोर्चा, बेमेतरा।

ठेकेदार का सुस्त काम

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की आबादी लगभग 1500 है। केंद्र सरकार की इस नल जल योजना से ग्रामीणों को बहुत आस थी लेकिन ठेकेदार की मनमानी एवं सुस्त रवैया से अभी ग्रामवासियों को योजना का लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। काम की गति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अभी तक नल जल योजना की टंकी निर्माणाधीन है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के समय में अक्सर यहां वृहद जल संकट की समस्या होती है।

धरी रह गई नए सरपंच की ताजपोशी की तैयारी

■ **हाईकोर्ट ने लगाई एसडीएम के निलंबन आदेश पर रोक**

■ **रजगामार सरपंच रामूला राठिया को निलंबित करने का मामला, रिट याचिका के बाद कोर्ट से मिली राहत**

कोरबा/नवप्रदेश। प्रशासन के निलंबन के बाद जहां, रजगामार में नए सरपंच की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही थी तो उधर निलंबित सरपंच की याचिका पर हाई कोर्ट ने राहत प्रदान करते हुए निलंबन के आदेश पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में लगाई गई रिट याचिका पर ग्राम पंचायत रजगामार सरपंच रामूला राठिया को एसडीएम कोरबा के द्वारा जारी निलंबन आदेश पर स्थगन आदेश जारी किया है।

ग्राम पंचायत रजगामार की सरपंच रामूला राठिया के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें निलंबन करने का आदेश अनुविभागीय अधिकारी कोरबा श्रीमती सीमा पात्रे के द्वारा जारी कर स्थानापन्न सरपंच नियुक्त करने का आदेश जारी किया गया था। परंतु रामूला राठिया द्वारा नियम विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही किए जाने का मामला बताते हुए आदेश को उच्च न्यायालय बिलासपुर में चुनौती दी थी। उन्होंने अपने अधिवक्ता अरविंद दुबे के माध्यम से रिट याचिका दायर किया था। जिसको उच्च न्यायालय ने संज्ञान में लेते हुए सरपंच श्रीमती रामूला राठिया को राहत दी है और अनुविभागीय अधिकारी कोरबा के द्वारा जारी किए गए निलंबन आदेश पर स्थगन आदेश जारी कर किया है। खास बात तो यह है कि अनुविभागीय अधिकारी कोरबा के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा को रजगामार सरपंच श्रीमती रामूला राठिया के निलंबन पश्चात स्थानापन्न सरपंच नियुक्त करने के संबंध में पत्र जारी किया गया था। जिसके आधार पर बुधवार को राजगामार पंचायत में स्थानापन्न सरपंच नियुक्त करने की कार्यवाही किया जाना था। इसी बीच 1 दिन पहले ही 25 जुलाई 2023 को उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी कर दिया है। इस प्रकार से अब प्रशासन को उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए स्थानापन्न सरपंच नियुक्त करने की कार्रवाई को रोकना पड़ेगा। इस विषय पर रामुला राठिया ने कहा है कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। मुझे न्याय पालिका की न्याय प्रक्रिया व उच्च न्यायालय पर पूरा विश्वास है वह मेरे साथ इंसाफ ही करेंगे।

सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास शराब पीते आरोपी दीपक यादव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी श्याम लाल बंजारे 24 वर्ष व अजय बघेल 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी शरबजीत सिंह 29 वर्ष व मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी तोरण लाल साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी जयकिशन नायक 26 वर्ष व गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी सोमनाथ तारक 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

हत्या के आरोपी को उम्र कैद

■ **थाना फिंगेश्वर के प्रकरण में आया फैसला**

गरियाबंद/नवप्रदेश। अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने हत्या के एक मामले में आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन ने प्रकरण में अपना अंतिम फैसला देते हुए आरोपी रोशन ध्रुव पिता नम्मू राम ध्रुव उम्र 33 वर्ष ग्राम छुईया के खिलाफ भादवि की धारा 302 के अंतर्गत चले प्रकरण में आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक जनक राम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना फिंगेश्वर के अपराध 302 भा.दं. संहिता के प्रकरण में प्रार्थिया भोलेश्वरी सिन्हा पति नीलकंठ सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति नीलकंठ सिन्हा गांव के परदेशी सिन्हा के खेत को रेगहा में लिए थे। दिनांक 30 अगस्त 2021 को सुबह लगभग 07 बजे निदायी करने के लिए अपने पति के साथ गए थे। लगभग साढ़े दस बजे उसके पति नीलकंठ सिन्हा खेत में पानी पला रहे थे, उसी समय आरोपी रोशन ध्रुव रापा (फावड़ा) लेकर अपने खेत आया और अपने खेत के मुही के पास था, उसी समय नीलकंठ आरोपी को बोला कि मेरे खेत तरफ आ रहे पानी के मुही को क्यों बंद किए हो मेरे खेत तरफ भी पानी जाने दो तब आरोपी रोशन ध्रुव उसके पति से वाद विवाद कर रहा था। उसके पति बंधे हुए मुही को हाथ से खोल रहे थे और जैसे ही उसके पति मुही को खोलने के लिए झुके तब आरोपी उसके पति को रोज रोज का यही तुम्हारा नाटक है आज तुम्हें जान सहित मारकर खत्म कर दूंगा बोला और अपने हाथ में रखे रापा (फावड़ा) से उसके पति के सिर, चेहरा में मारा, जिससे कि उसके पति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना को अपने खेत में काम कर रहे गांव के लोग देखे हैं।

चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। रावण भाटा चिर घर के पास से एक सप्ताह पूर्व हुई मोटर सायकल चोरी के मामले में शहर पुलिस ने सुभाष वार्ड से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी हुई मोटर सायकल और एक मोबाइल जब्त कर धारा 379,34 भादवि के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया है।

उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया की पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवम अति. पुलिस अधीक्षक हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर शहर पुलिस को मोटर सायकल चोरी के आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया की प्रार्थी बिनय प्रकास एक्का निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.07.2023 को अपनी मोटरसायकल सी वी साईन क्रमांक CG 10 AJ 7951 को लेकर काम से रावणभाठा के पीछे चीरघर के पास गया था वापस आकर जब देखा तो मोटरसायकल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है । प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दुर्गेश साहू साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा एवं सुनील साहू उर्फ धर्मेन्द्र साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

कृषि केंद्रों में नियमित संधारण नहीं, नोटिस जारी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कृषकों के हित में कृषि विभाग द्वारा नियमित रूप से जिले में संचालित कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, तथा अनियमितता पर कार्रवाई की जा रही है। विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा द्वारा पलारी में संचालित कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विक्रेताओं द्वारा स्कंध पंजी एवं बिल बुक का उचित संधारण तथा उपलब्ध स्कंध तथा मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं पाया गया। विक्रय केंद्रों में व्याप्त अनियमितताओं के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कीटनाशक विक्रेता सोनी कृषि सेवा केंद्र में स्कंध पंजि का उचित संधारण नहीं पाया गया। कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेता साहू कृषि सेवा केंद्र एवं किसान सेवा केंद्र पलारी में स्कंध पंजी का उचित संधारण तथा उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं था। इसी प्रकार कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा हीरा कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में विक्रय केंद्र में कीटनाशक विक्रय केंद्र का अनुज्ञप्ति विक्रय केंद्र में चस्पा नहीं किया गया था, स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं था साथ ही कृषकों को बिल भी नहीं दिया जा रहा था। यह कृत्य कीटनाशक नियम, 1671 के नियम 15 व 10(ष्ठ) का तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश,1985 के खंड 5 व 35 (a) का उलंघन है। जिसके कारण 4 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब के अभाव में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा जिले के सभी उर्वरक,बीज एवं कीटनाशक निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं की वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र का निरीक्षण करें।

विधानसभा में ग्राम लूप में होगा नया मतदान केन्द्र

■ **ग्रामवासियों को दो किलोमीटर सफर तय कर चिल्फी जाना नहीं पड़ेगा**

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने कबीरधाम जिला निर्वाचन कार्यालय और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव पर कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम लूप में नए मतदान केन्द्र बनाने की स्वीकृति दे दी है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 में अब कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 409 से बढ़कर 410 हो जाएगी। ग्राम लूप को नए मतदान केन्द्र की स्वीकृति मिलने से अब वहां के मतदाताओं को मतदान करने के लिए ग्राम चिल्फी 2 किलोमीटर सफर नहीं करना पड़ेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र कवर्धा एवं पंडरिया में दूरी के आधार पर नए मतदान केन्द्र के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक भी ली गई थी। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के बोड़ला तहसील कार्यालय से इस विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम लूप में नए मतदान केन्द्र बनाने का प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित किया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर ग्राम लूप में नया मतदान केन्द्र बनाने के प्रस्ताव का परीक्षण कराया एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रस्ताव बनाकर प्रेषित किया गया। ग्राम लूप में नए मतदान केन्द्र बनाने की मंजूरी मिल गई है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र 58 ग्राम लूप होगा। इस नए मतदान केन्द्र में 645 मतदाता अब अपने गांव में ही मतदान कर सकेंगे। सभी मतदाता पहले भाग 57 चिल्फी में मतदान करते थे। ग्राम चिल्फी मतदान केन्द्र में कुल 1 हजार 235 मतदाता थे। अब चिल्फी में 590 रहेंगे।